मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 8 अंक 67
सोमवार, 15 सितम्बर 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## कांग्रेस ने दिया अलगाव, हम दे रहे विकास: पीएम मोदी



**असम, 14 सितम्बर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के गोलाघाट जिले के नुमालीगढ़ में 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बने नए इथेनॉल संयंत्र का उद्घाटन किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा भी मौजूद थे। इस उद्घाटन से पहले, पीएम मोदी ने दरांग में भी कई परियोजनाओं का शिलान्यास किया था।

नुमालीगढ़ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज का दिन 'विकसित असम, विकसित भारत' की गौरव यात्रा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि असम को आज लगभग 18,000 करोड़ रुपये की परियोजनाएं मिली हैं, जो राज्य के विकास को गति देंगी।

पीएम मोदी ने कहा कि असम भारत की ऊर्जा शक्ति को बढ़ाने वाला राज्य है, और यहां के पेट्रोलियम उत्पाद देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि जिस नए बायो-इथेनॉल प्लांट का उद्घाटन किया गया है, वह बांस से इथेनॉल बनाएगा, जो असम के लिए गर्व की बात है। इसके अलावा, एक पॉलीप्रोपाइलीन प्लांट का भी शिलान्यास किया गया है। पीएम के अनुसार, ये परियोजनाएं असम में उद्योगों को बढ़ावा देंगी, युवाओं और किसानों के लिए नए अवसर पैदा करेंगी, और भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम हैं। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लंबे समय तक असम और पूरे देश पर शासन किया, लेकिन उनके शासनकाल में विकास की रफ्तार धीमी रही और विरासत भी संकट में रही। उन्होंने कहा, 'कांग्रेस ने असम और नॉर्थ-ईस्ट को अलगाव, हिंसा और विवाद दिए, जबकि बीजेपी की डबल इंजन सरकार असम की पुरानी पहचान को सशक्त कर रही है। उन्होंने कहा कि यह उनकी सरकार है जिसने असमिया भाषा को क्लासिकल लैंग्वेज का दर्जा दिया और लाचित बोरफुकन की विरासत को सम्मान दिया। पीएम ने दावा किया कि बीजेपी की सरकार असम को विकास और विरासत दोनों से समृद्ध बना रही है।

## जयपुर में भीषण कार हादसे में खत्म हो गए दो परिवार, सात लोगों की मौत



**जयपुर, 14 सितम्बर।** जयपुर में शनिवार देर रात एक कार अनियंत्रित होकर रिंग रोड से नीचे पानी से भरे अंडरपास में गिर गई। हादसे में कार में सवार दो बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को बताया कि मारे गए लोग दो परिवारों के सदस्य हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना शिवदासपुरा थाना क्षेत्र में प्रह्लादपुरा के पास हुई। एक तेज रफ्तार कार संभवतः डिवाइडर से टकराकर रिंग रोड से लगभग 16 फुट नीचे जा गिरी। कार एक अंडरपास में गिरी जिसमें पानी भरा हुआ था।

स्थानीय लोगों ने रविवार दोपहर दुर्घटनाग्रस्त कार को पानी से भरे अंडरपास में उलटी पड़ी देखा। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से कार को बाहर निकाला। शिवदासपुरा के थानाधिकार सुरेंद्र सैनी ने कहा, कार में सवार सभी सात लोग मृत पाए गए। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतकों की पहचान वाटिका सांगानेर निवासी रामराज वैष्णव, उनकी पत्नी मधु, उनके बेटे रुद्र के रूप में हुई है। इसके अलावा रामराज के रिश्तेदार कालूराम, कालूराम की पत्नी सीमा, उनके बेटे रोहित और गजराज की भी हादसे में मौत हो गई जो केकड़ी अजमेर के रहने वाले थे। सैनी ने बताया कि ऐसा लगता है कि हादसा शनिवार देर रात हुआ। हालांकि सही समय का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने आगे कहा, हादसे का पता तो रविवार दोपहर को चला जब दुर्घटनाग्रस्त कार अंडरपास में दिखी। पुलिस के अनुसार टैक्सी चालक रामराज, कालूराम और उनके परिवार के सदस्य एक रिश्तेदार की अस्थियां विसर्जित करने हरिद्वार गए थे और जयपुर लौट रहे थे।

## भारत में महिला पायलटों की संख्या बढ़ रही है: सिंधिया




**नई दिल्ली, 14 सितम्बर।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि जहां अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देशों में महिला पायलट अपेक्षाकृत कम हैं, वहीं भारत में 15 प्रतिशत पायलट महिलाएं हैं। वह यहां एक डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र भवन की आधारशिला रखने और सुकन्या समृद्धि योजना के तहत 38 लड़कियों को पासबुक वितरित करने के बाद एक कार्यक्रम में बोल रहे थे। आगामी डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र का जिक्र करते हुए, उन्होंने कहा कि मुरैना और श्योपुर ज़िलों के साथ-साथ पड़ोसी राजस्थान और उत्तर प्रदेश के निवासियों को पहले पासपोर्ट सेवाओं के लिए ग्वालियर, गुना, भोपाल या दिल्ली जाना पड़ता था लेकिन अब यह सुविधा मुरैना में ही उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा, 30 लाख रुपये की लागत से बनने वाला प्रस्तावित भवन मुरैना लोकसभा क्षेत्र के निवासियों को पासपोर्ट सेवाएं प्रदान करेगा। प्रत्येक संसदीय क्षेत्र में पासपोर्ट सेवा केंद्र स्थापित करने का निर्णय नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से लिया गया है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सक्षम और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत वैश्विक परिवर्तन का वाहक बनकर उभरा है। सुकन्या समृद्धि योजना और उज्ज्वला योजना जैसी योजनाओं के तहत 10 करोड़ से अधिक महिलाओं को रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किए गए हैं तथा इन योजनाओं ने वास्तव में महिलाओं को सशक्त बनाया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण संस्थागत भागीदारी को मजबूत कर रहा है।

## नेता निजी अहंकार त्याग बिहार में राजगन की जीत करें सुनिश्चित : जेपी नड्डा



**पटना, 14 सितम्बर।** बिहार विधानसभा चुनाव तैयारियों की संगठनात्मक समीक्षा करने पटना पहुंचे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने अपनी पार्टी के नेताओं से अपील की कि वे व्यक्तिगत अहंकार को त्याग कर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की जीत को सर्वोपरि रखें।

राजकीय अतिथिशाला में नड्डा ने बिहार भाजपा के शीर्ष नेताओं, नीतीश सरकार में भाजपा कोटे के मंत्रियों और प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों, विधानसभावार सम्मेलन आदि बिंदुओं पर चर्चा की। उन्होंने सामाजिक पकड़ मजबूत बनाने के साथ ही राजग के बूथ स्तर तक के कार्यकताओं के साथ समन्वय बनाने पर बल दिया।

बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री बी एल संतोष, प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री द्वय सम्राट चौधरी एवं विजय सिन्हा, पूर्व भाजपा अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय चुनाव समिति एवं कोर ग्रुप के सचिव प्रेम रंजन पटेल तथा अन्य वरिष्ठ नेता सम्मिलित हुए।

नड्डा ने विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का नया नामाकरण किया। उन्होंने राजद का मतलब समझते हुए कहा कि रा का मतलब रंगदारी, ज का मतलब जंगलराज और द का मतलब दादागिरी है।

उन्होंने कहा कि आज मोदी और नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के लोग विकास देख रहे हैं। केंदीय मंत्री ने कहा, 2005 से पहले बिहार की स्थिति क्या थी और आज क्या है। 2005 से पहले तुष्टिकरण, भ्रष्टाचार और सत्ता समर्थित अपराध की राजनीति थी। आज राजग सरकार के नेतृत्व में बिहार विकास के पथ पर अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम आज 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आ गए हैं तथा इस तरह अत्यधिक गरीबी में 80 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होंने कहा, मोदी ने 14 करोड़ से अधिक घरों में नल के माध्यम से पानी और चार करोड़ से अधिक गरीब लोगों को आवास प्रदान किया है।

## प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर दिल्ली को विकास परियोजनाओं का उपहार मिलेगा: मुख्यमंत्री गुप्ता

**दिल्ली।** दिल्ली सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75वें जन्मदिन के मौके पर सेवा पखवाड़ा के तहत कई परियोजनाएं शुरू करेगी। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय मंत्री अमित शाह 17 सितंबर को त्यागराज स्टेडियम में दिल्ली सरकार के एक कार्यक्रम के दौरान 15 परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे, जिनमें नए अस्पताल ब्लॉक, 101 आरोग्य मंदिर और 150 डायलिसिस केंद्र शामिल हैं। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने मंत्रियों, प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, भाजपा सांसदों और विधायकों के साथ सेवा पखवाड़ा की तैयारियों की समीक्षा की।

उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से शुरू हो रहे 15 दिवसीय उत्सव के दौरान निवासियों को हर दिन एक नया उपहार मिलेगा।

## परिवारिक जुड़ाव ही जीवन में स्थायी शांति और सफलता का आधार है : अजित सिंह बग्गा

**सुरेश गांधी**




**वाराणसी।** नया पान दरीबा, काली महल में वाराणसी व्यापार मंडल से संबद्ध चौरसिया व्यापार मंडल की ओर से रविवार को एक अनूठा आध्यात्मिक संगोष्ठी-सह-प्रेरणा कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य विषय था–जीवन में तनाव के कारण और उससे बचने के उपाय। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता हिंदू जनजागृति के सतगुरु श्री निलेश जी सिंगबाल ने व्यापारियों को सरल भाषा में बताया कि तेज रफ्तार जीवनशैली, अनियमित दिनचर्या और आपसी संवाद की कमी आज तनाव का बड़ा कारण है। उन्होंने कहा कि मोबाइल फोन को छूने से तो सब कुछ चलता है, पर लोग एक-दूसरे के स्पर्श और संवाद से दूर होते जा रहे हैं। रिश्तों में स्नेह और नियमित संवाद ही असली औषधि है। सतगुरु निलेश जी ने योग और ध्यान के कई व्यावहारिक उपाय बताए– प्राणायाम व ध्यानः सुबह-शाम कुछ मिनट का ध्यान मानसिक शांति लाता है। साप्ताहिक पारिवारिक संवादः सप्ताह में एक दिन बच्चों को धर्म, संस्कृति और आध्यात्म की बातें जरूर बताएं। संतुलित दिनचर्याः भागदौड़ के बीच स्वयं के लिए समय निकालना भी उतना ही आवश्यक है। पूरे सभागार में हर-हर महादेव के जयकारों से भक्तिमय वातावरण गूंज उठा। व्यापारी बंधु सतगुरु के सान्निध्य में गहरी तल्लीनता और आनंद के साथ बैठे रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता वाराणसी व्यापार मंडल अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा ने की। मंच पर चौरसिया व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील चौरसिया सहित संगठन के सभी पदाधिकारी मौजूद रहे। अन्य प्रमुख अतिथि एवं सदस्यः कैलाश चौरसिया (बरई सभा संरक्षक), दिनेश चौरसिया (बरई संरक्षक), चंद मोहन चौरसिया (कोषाध्यक्ष, बरई सभा काशी), कृष्ण चौरसिया पप्पू, दीपक चौरसिया दीपू, सुनील चौरसिया, सुजीत चौरसिया, रामबाबू चौरसिया, विनोद चौरसिया, मनीष चौरसिया, रवि चौरसिया, आनंद चौरसिया, टिंकू चौरसिया, अजय चौरसिया, ओमप्रकाश गुप्ता और विश्वजीत भट्टाचार्य समेत अनेक पान व्यवसायी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## पंजाब सरकार बाढ़ प्रभावित किसानों के लिए तत्काल सहायता जारी करें: बाजवा

**पंजाब।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता प्रताप सिंह बाजवा ने शनिवार को मांग की कि पंजाब सरकार हाल में आई बाढ़ में नष्ट हुई फसलों के लिए 20,000 रुपये प्रति एकड़ के आधार पर मुआवजा तुरंत जारी करे। पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा कि बाढ़ से हुई तबाही इतनी व्यापक है कि कागजी कार्रवाई के नाम पर प्रारंभिक राहत में देरी नहीं की जानी चाहिए। उन्होंने कहा, पंजाब के खेतों में पानी और कीचड़ भरा हुआ है, किसान बबार्दी की कगार पर हैं और फिर भी आम आदमी पार्टी (आप) सरकार उन्हें सर्वेक्षण और गिरदावरी (नुकसान के आकलन) का इंतजार करने को कह रही है।






## मीरा रोड के दो स्थानों पर रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन



**भायंदर (उत्तरशक्ति)।** श्री स्वामीनारायण मंदिर, मीरारोड संस्था द्वारा प्रमुख स्वामी जी के जयंती के अवसर पर भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन श्री स्वामिनारायण मंदिर सेक्टर-10 शांतिनगर पूर्व एवं पूनम सागर मीरा रोड में अखिल भारतीय तेरापंथ युवक परिषद एवं कच्छ युवक संघ के तत्वाधान में किया गया। नगरसेवक मनोज रामनारायण दुबे ने दोनों। कार्यक्रम में सम्मिलित होकर दीपप्रज्वलन कर रक्तदाताओं को सम्मान पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर नगरसेवक अनिल विरानी, राजेश लिंबानी, सुमित सिंह एवं संस्था के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मनपा स्कूल क्रमांक-65 में शिक्षक सम्मान दिवस पर शिक्षकों का किया गया भव्य सत्कार



**आचार्य सूरजपाल यादव/भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी मनपा द्वारा संचालित आसबीबी स्थित स्कूल क्रमांक-65 में शनिवार को शिक्षक दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता नवभारत टाइम्स के पत्रकार वी.के.सिंह ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सीआरसी क्रमांक -10 के केंद्र प्रमुख नसीर शेख, डा. इमरान साहब, नविद खान, हबीब अंसारी आसबीबी मस्जिद ट्रस्ट, एडवोकेट खालिद अंसारी और एसएमसी सदर हामिद अंसारी सहित अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत मुख्याध्यापक इकबाल अंसारी द्वारा शाल एवं पुष्पगुच्छ देकर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के माता-पिता की उपस्थिति में समारोह अध्यक्ष वी.के.सिंह द्वारा सहायक शिक्षिका तमन्ना अशरफ शेख को सर्वश्रेष्ठ शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं सीआरसी नसीर शेख द्वारा सहायक शिक्षक मोहम्मद वसीम सर और माहरुख मिस को भी पुरस्कार देकर हौसला अफजाई की गी। स्कूल के मुख्याध्यापक इकबाल अंसारी ने स्कूल के कामयाब सफर की दास्तां बयां की। बतादें कि निपुण महाराष्ट्र अभियान के लिए इकबाल अंसारी सर ने आईकार्ड को नए आविष्कार का रूप दिया है। इसके बारे में उन्होंने बताया कि इस आईकार्ड के माध्यम से विद्यार्थी संख्या ज्ञान और अक्षर की पहचान को जल्दी ही सीख सकेंगे यह बिल्कुल नई गतिविधि है। जिसे इकबाल अंसारी सर ने पेश की है। सहायक शिक्षक मोहम्मद वसीम सर ने आये हुये अतिथियों का आभार व्यक्त किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम समाप्त हुआ।

## जिला स्तरीय फुटबाल प्रतियोगिता में रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कालेज को मिला प्रथम पुरस्कार



**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** भिवंडी निजामपुर शहर महानगर पालिका और थाना जिला खेल कूद विभाग द्वारा रईस हाई स्कूल ग्राउंड पर अंतर विद्यालयीन फुटबाल कप प्रतियोगिता 2025 का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें भिवंडी तालुका के 18 स्कूलों से लड़कों की कुल 18 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था। उक्त मुकाबले में रईस हाई स्कूल और जूनियर कालेज भिवंडी की ओर से लड़कों की टीम ने कप्तान उस्मान के मार्गदर्शन में 17 वर्ष आयु वर्ग में प्रतियोगिता में भाग लिया और उत्कृष्ट खेल भावना का प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच जीतकर डिवीजनल प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। छात्रों को जाकिर अंसारी, मुसय्यब मोमिन और इकरा शेख द्वारा प्रशिक्षित किया गया था। छात्रों की इस शानदार सफलता पर केएमई सोसायटी के अध्यक्ष अल्ताज फकीह, सचिव दानियाल काजी, कोषाध्यक्ष फहद बुबेरे, खेल समिति के चेयरमैन दानिश मदू, रईस हाई स्कूल एंड जूनियर कालेज के चेयरमैन यासर तातली, प्रधानाचार्य जियाउर रहमान अंसारी, उप प्रधानाचार्य आमिर सिद्दीकी, सहायक मुख्याध्यापक मुखिल मदू, पर्यवेक्षक इसरार पठान, सिब्तैन काशेलकर, वाईसीएमओयू अध्ययन केंद्र समन्वयक अब्दुल अजीज अंसारी और पूरे स्टाफ ने सफल छात्रों और उनके मार्गदर्शक शिक्षकों को बधाई दी है।

## वीईएस के छात्रों ने दादर चौपाटी पर चलाया सफाई अभियान

**मुंबई।** विवेकानंद एजुकेशन सोसायटी (वीईएस), जो मुंबई के सबसे प्रतिष्ठित शैक्षणिक समूहों में से एक है, ने प्रोजेक्ट मुंबई के जल्लोष इनिशिएटिव और भारतीय ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल के साथ मिलकर दादर चौपाटी पर बड़े पैमाने पर बीच क्लीन-अप ड्राइव का आयोजन किया। आईजीबीसी, भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) की एक पहल है, जो पूरे भारत में ग्रीन सर्टिफिकेशन के माध्यम से टिकाऊ और पर्यावरण अनुकूल निर्माण प्रथाओं को लगातार बढ़ावा देती आई है।

# कमलादेवी कॉलेज में इंटर कॉलेज इवेंट का सफल आयोजन



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कमलादेवी कॉलेज ऑफ आर्ट्स, कॉमर्स एंड साइंस में 9 और 10 सितम्बर को (प्रारम्भ)इंटर कॉलेज इवेंट का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 20 कॉलेजों के 200 से अधिक विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिताओं से लेकर पुरस्कार वितरण तक, यह आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा और उत्साह का प्रतीक बनकर सामने आया।

दो दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इनमें फ्री हैंड पेंटिंग, फ्लायर मेकिंग, ऐड मेकिंग, इको-फ्रेंडली रंगोली, शतरंज और कैरम जैसी स्पर्धाओं ने छात्रों की रचनात्मकता और बौद्धिक क्षमता को उजागर किया। विद्यार्थियों ने अपनी कला, सोच और कौशल के माध्यम से न केवल दर्शकों का दिल जीता बल्कि अपने कॉलेज का नाम भी रोशन किया।

इस प्रतियोगिता के कई विजेता हैं, उनमें प्रतीक बचाव (साकेत कॉलेज) अंश गुप्ता (वेदांत कॉलेज) श्वेता प्रजापति (कमलादेवी कॉलेज) रितिका गुप्ता (कमलादेवी कॉलेज) निनाद पाठक (बिर्ला कॉलेज) आर्यन कानेकर (मॉडल कॉलेज, डोंबिवली) आर्यन कुंभार (महाराणा प्रताप कॉलेज, कुर्ला) शामिल हैं।

कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में माननीय अनीता पारदेशी (सिटी इंजीनियर, KDMC) उपस्थित रहीं। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए जीवन में संघर्ष के महत्व पर प्रकाश डाला और कहा कि कठिनाइयाँ ही हमें मजबूत बनाती हैं और सफलता की राह दिखाती हैं।

## भक्ति और एकता का संदेश देते निकली जैन समाज की रथयात्रा



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** जैन समाज द्वारा आज भक्ति और एकता का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करते हुए सामूहिक रथयात्रा निकाली गई। इस शुभ अवसर पर महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा का विशेष सम्मान किया गया। रथयात्रा प्रभुशासन के रथ के संग आगे बढ़ी तो केवल रथ ही नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं की आस्था और समाज की एकता भी नए आयामों तक पहुँची। रथयात्रा ने यह संदेश दिया झ्हमारी शक्ति हमारी एकता, जहाँ संघ है वहाँ विजय। इस रथयात्रा के माध्यम से जैन समाज ने करुणा, अहिंसा और संगठन का सशक्त संदेश देते हुए पूरे शहर में भक्ति और उत्साह की लहर प्रवाहित कर दी। आज की इस रथ यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

## नवरात्रि से पहले सड़कों के गड्ढे भरे केडीएमसी : रवि पाटिल

**अधिकारियों को गड्ढों में डालने से नहीं हिचकिचाएगी शिवसेना**



**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण के दुगार्डी किले स्थित माँ दुगार्देवी मंदिर में तैयारियाँ जोरों पर चल रही हैं। शिवसेना शहर प्रमुख रवि पाटिल ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी नवरात्रि उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। श्रद्धालुओं से अनुरोध है कि बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिक माँ दुर्गा की भक्ति का आनंद ले सकें। इस अवसर पर शहर प्रमुख रवि पाटिल ने कहा कि कल्याण-डोंबिवली महानगर क्षेत्र की सड़कों पर गड्ढों से नागरिक परेशान हैं। गणेशोत्सव के दौरान भी सड़कों के गड्ढे नहीं भरे गए। अब जब नवरात्रि का त्योहार नजदीक आ रहा है, तो शिवसेना शिंदे गुट के कल्याण नगर प्रमुख रवि पाटिल ने कड़ी चेतावनी दी है कि अगर इन गड्ढों की तुरंत मरम्मत नहीं की गई, तो अधिकारियों को सीधे गड्ढों में डाल दिया जाएगा। इस चेतावनी से केडीएमसी प्रशासन पर दबाव बढ़ गया है।

# मंत्री गणेश नाईक के जन्मदिन पर महारक्तदान, स्वास्थ्य शिविर व वृक्षारोपण का आयोजन आज

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** आपका अनमोल रक्तदान किसी का जीवनदान बन सकता है ह्व इस भाव को साकार करते हुए शिवशक्ति सामाजिक संगठना बोईसर, श्रमिक सेना कामगार संगठना तथा पालघर जिला ऑटो-रिक्शा-टैक्सी चालक-मालक संगठना की ओर से सोमवार 15 सितंबर 2025 को बोईसर शहर में विभिन्न सामाजिक उपक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।




महाराष्ट्र राज्य के कैबिनेट मंत्री, पालघर जिले के पालक मंत्री एवं नवी मुंबई के विधायक गणेश नाईक के जन्मदिन के उपलक्ष्य में बोईसर (प.) डॉन बास्को स्कूल, खोदाराम बाग में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक महारक्तदान शिविर का भव्य आयोजन होगा। साथ ही, बोईसर रेलवे स्टेशन पर निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर तथा जिले में पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण अभियान भी चलाया जायेगा। आयोजक एवं नियंत्रक शिवशक्ति सामाजिक संगठना प्रमुख व भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय जे. पाटील ने जानकारी दी कि हर वर्ष की तरह इस बार भी बड़ी संख्या में कामगार, समाजसेवी, युवा, उद्योजक व गणमान्य नागरिक इस पुण्य कार्य में सहभागी होंगे। सभी लोग ह्लपरहित सरिस धर्म नहिं भाईह्व इस संकल्प के साथ रक्तदान कर समाजसेवा की भावना को जीवंत करेंगे। संजय पाटील ने आगे बताया कि स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा विभिन्न बीमारियों के उपचार हेतु परामर्श एवं जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। वहीं वृक्षारोपण के माध्यम से जिले में हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जायेगा।

# रामशेठ प्रतिष्ठान और मातोश्री गुंजाई फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर

**कल्याण (उत्तरशक्ति)।** कल्याण पूर्व संतोष नगर महेश गायकवाड़ कार्यालत में रामशेठ प्रतिष्ठान और मातोश्री गुंजाई फाउंडेशन द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर,में निःशुल्क चश्मा वितरण और निःशुल्क नेत्रशस्त्र चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन रहा। इस शिविर में सैकड़ों नागरिकों ने रक्तदान किया और निःशुल्क चश्मे और नेत्र उपचार का लाभ उठाया। रक्तदान करने वाले सभी नागरिकों को महेश गायकवाड़ ने फूलगुच्छ देकर सम्मान किया।



मिली जानकारी के अनुसार पूर्व नगर सेवक महेश गायकवाड़ के शिवसेना कार्यालय में रविवार की सुबह से सैकड़ों नागरिकों ने रक्तदान करके समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई। इतना ही नही जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए।

और निःशुल्क नेत्रशस्त्र चिकित्सा की सुविधा प्रदान की गई। रामशेठ प्रतिष्ठान और मातोश्री गुंजई फाउंडेशन जैसे संगठन समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे है। इस अवसर पर आरोग्य दूत चंद्रसेन सोनवले प्रशांत बोटे, शंकर पाटिल , प्रशांत आमिन, अनेकों शिवसेना के महिला और पुरुष पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मुलुंड में जिउतिया पूजन समारोह धूमधाम से मनाया गया



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** युवा ब्रिगेड असोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सचिन सिंह के द्वारा स्व. शेठ रामकृपाल सिंह के प्रांगण में, मुलुंड प. पर लगातार 50वें वर्ष जिउतिया (जीवित पुत्रिका व्रत )पूजन समारोह आयोजित किया गया।

बारिश की वजह से पूजन करने आयी श्रद्धालु महिलाओ हेतु पंडाल, टेबल, कुर्सी, लाइट की व्यवस्था युवा ब्रिगेड द्वारा किया गया। इस अवसर पर 3 बजे से रात्रि 8 बजे तक सैंकड़ो महिलाओं ने अपने पुत्रो की दीघार्यु, संकट तथा रोग मुक्त उत्तम स्वास्थ्य हेतु जिउतिया माँ का निराजल व्रत रखकर पूजन किया।

इस अवसर पर इस आयोजन को प्रारम्भ करने वाली 90 वर्षीय महिला श्रीमती बबना देवी सिंह ने सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया। श्रीमती जयबाला सिंह,बासमती सिंह,आरती सिंह, साधना सिंह,विभा सिंह, अनीता सिंह,हेमलता सिंह,उर्वशी सिंह, नीतू सिंह ने सभी की अगवानी की।

इस अवसर पर वरिष्ठ समाज सेवी डॉ. बाबूलाल सिंह, श्रीराम सिंह, महानन्द सिंह,राकेश मिश्रा, दयाशंकर पाल,रमेश सिंह,मोहित सिंह,विनोद सिंह, भोला सिंह,नवीन सिंह, रवि बरनवाल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे और सहयोग प्रदान किया।

# हाऊसिंग डॉटकॉम द्वारा मेगा होम उत्सव की घोषणा

**मुंबई।** भारत के अग्रणी रियल एस्टेट टेक्नोलॉजी प्लेटफॉर्म हाउसिंग डॉटकॉम ने अपने बहुप्रतीक्षित वार्षिक आयोजन मेगा होम उत्सव 2025 की घोषणा की है। यह नौवाँ संस्करण15 अक्टूबर 2025 तक चलेगा, जिससे खरीदारों को पूरे देशभर में विशेष प्रॉपर्टी डील्स का विस्तारित अवसर मिलेगा।

त्योहारी खरीदारी के इस खास मौसम में, हाउसिंग डॉटकॉम एक पूर्ण डिजिटल इवेंट के रूप में आवासीय संपत्तियों और निवेश अवसरों का विशाल संग्रह प्रस्तुत करेगा। इस आयोजन में 3,800 से अधिक डेवलपर्स और चैनल पार्टनर्स हिस्सा ले रहे हैं, और यह मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, चेन्नई, पुणे, हैदराबाद, अहमदाबाद और कोलकाता सहित 30+ शहरों को कवर करेगा। हाउसिंग डॉटकॉम के चीफ रेवेन्यू ऑफि सर, श्री अमित मसालदान ने कहा, हम मानते हैं कि घर खोजना एक रोमांचक, सरल और सशक्त अनुभव होना चाहिए। मेगा होम उत्सव 2025 के माध्यम से हम ग्राहकों के लिए बेमिसाल विकल्प, विशेष ऑफर और वैरिफाइड लिस्टिंग ला रहे हैं– पारदर्शिता और भरोसे की हमारी प्रतिबद्धता के साथ। यह सिर्फ. हाउसिंग डॉटकॉम की पहल नहीं है, बल्कि हमारे विश्वसनीय डेवलपर्स, ब्रोकर और चैनल पार्टनर्स के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। वर्षों से उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने देशभर में लाखों लोगों की घर खरीदने की यात्रा को आकार दिया है। मिलकर हम एक ऐसा प्लेटफॉर्म बना रहे हैं जो स्केल, विशेषज्ञता और ईमानदारी का संगम है, ताकि हर उपभोक्ता सूझबूझ भरे निर्णय लेकर अपने सपनों का घर हासिल कर सके। पिछले वर्ष मेगा होम उत्सव ने 53 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं को जोड़ा था, जबकि हाउसिंग न्यू होम 2025 ने भी इसी स्तर की भागीदारी दर्ज की। मेगा होम उत्सव-2025 इस वर्ष 55 मिलियन से अधिक लोगों तक पहुँचने की उम्मीद के साथ हाउसिंग डॉटकॉम की नेतृत्वकारी स्थिति को और मजबूत करेगा। इस बार, प्लेटफॉर्म ने उपभोक्ता अनुभव को और बेहतर बनाने के लिए नई सुविधाएँ जोड़ी हैं। घर तलाश रहे लोग अब पर्सनलाइज्ड रिकमेंडेशन और स्मार्ट सर्च टूल्स से आसानी से अपनी पसंद का घर खोज सकते हैं। हाउसिंग शॉर्ट्स और ऑडियो वॉकथ्रूज जैसे इंटरएक्टिव फॉर्मेट प्रॉपर्टी एक्सप्लोरेशन को और आकर्षक बनाएंगे। अपनी संपत्तियों का प्रदर्शन करने वाले कुछ प्रमुख डेवलपर्स में कासाग्रैंड बिल्डर प्राइवेट लिमिटेड, हीरानंदानी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, सत्व ग्रुप, प्रोविडेंट हाउसिंग लिमिटेड (पूर्वांकर ग्रुप), रहेजा ग्रुप, एसेट्ज प्रॉपर्टी ग्रुप, आशियाना हाउसिंग लिमिटेड, गेरा डेवलपमेंट्स, कल्पतरु ग्रुप, प्रेस्टीज ग्रुप, शोभा लिमिटेड, आदर्श रियल्टी, रूपारेल रियल्टी, वासावी ग्रुप, साइबरसिटी बिल्डर्स एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, अरविंद स्मार्टस्पेसेज लिमिटेड और प्राइड ग्रुप आदि शामिल हैं। इस त्यौहार के दौरान घर के स्वामित्व को और भी सुलभ बनाने के लिए, कई डेवलपर्स आकर्षक ऑफर दे रहे हैं। उदाहरण के लिए, एसेटज प्रॉपर्टी ग्रुप चुनिंदा 3 और 4 बीचके घरों पर 36 महीने की प्री-ईएमआई हॉलिडे दे रहा है, जबकि टीजी डेवलपर्स 12 महीने की ईएमआई हॉलिडे दे रहा है। जीआरसी इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड, हैंडओवर शुरू होने तक प्री-ईएमआई राहत दे रहा है, और ब्रिगेड ग्रुप खरीदारों को अभी केवल 20% और बाकी मार्च 2026 तक भुगतान करने की अनुमति दे रहा है—पहली 100 इकाइयों के लिए विशेष लॉन्च लाभों के साथ। इसके अलावा, कासा अपना सीमित समय का '96 घंटे का ऑफर' पेश कर रहा है, जो घर चाहने वालों को इस त्यौहार के दौरान अपने सपनों का घर तलाशने और सुरक्षित करने के और भी कारण दे रहा है।

## टर्न ग्रुप ने जुटाए 24 मिलियन डॉलर

**मुंबई।** हजारों भारतीय नर्सों और केयर वर्कर्स के लिए वैश्विक स्तर पर अपना कॅरियर बनाने का सपना किसी कॉन्ट्रैक्ट से नहीं, बल्कि उसके दिल की आवाज से शुरू होता है। एआई-पावर्ड ग्लोबल टैलेंट मोबिलिटी प्लेटफॉर्म, टर्न ग्रुप इस सपने को साकार कर रहा है। वह भी पहले से कहीं अधिक तेजी, निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ।

कंपनी ने आज बताया कि उसने यूके स्थित नोशन कैपिटल के नेतृत्व में 24 मिलियन डॉलर की सीरीज ए फंडिंग जुटाई है, जिसमें आरटीपी ग्लोबल, लोकलग्लोब, ईक्यू2 वेंचर्स, और लियो कैपिटल के अलावा मौजूदा निवेशक प्रिसाइट, टॉम स्टैफोर्ड (डीएसटी ग्लोबल के को-फाउंडर), पूर्व एनएचएस चेयरमैन, और एक्सा हेल्थकेयर के सीईओ, और कई दिग ?गज नीति निमार्ता शामिल हैं। पिछले वर्ष ओवरसब्सक्राइब्ड सीड राउंड के बाद, इससे टर्न ग्रुप की कुल फंडिंग 33 मिलियन डॉलर हो गई है। आईआईटी बॉम्बे के पूर्व छात्रों और दूसरी बार उद्यमी बने अविनव निगम और कृष्णा रामकुमार, जो पहले अर्बन कंपनी और कार्स24 में सीनियर एक्जीक्यूटिव्स थे, द्वारा स्थापित टर्न ग्रुप ने भारत, यूके, जर्मनी, यूएई, सऊदी अरब और उत्तरी अफ्रीका में तेजी से विस्तार किया है। पिछले एक साल में कंपनी ने 10 गुना बढ़ोतरी की है और इसका वार्षिक राजस्व 200 करोड़ रुपये के करीब पहुंच गया है, और कंपनी 13 देशों में काम कर रही है। टर्न ग्रुप के संस्थापक और सीईओ अविनव निगम ने कहा, हमारे मिशन का प्रमुख फोकस भारत के टैलेंट पर है और टर्न ग्रुप वैश्विक स्तर पर हेल्थकेयर में कॅरियर को आसान, पारदर्शी और भरोसेमंद बनाने के लिए एक मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार कर रहा है। यह फंडिंग हमें तीन मुख्य लक्ष्यों पर काम करने का मौका देती हैः नए देशों में विस्तार, हमारे एआई प्लेटफॉर्म में निवेश करना, और हर साल हजारों और पेशेवरों को सहायता देने के लिए प्रशिक्षण व कामकाज का दायरा बढ़ाना।यह पूंजी टर्न के वैश्विक विस्तार में तेजी लाएगी और इसके एआई-पावर्ड क्लिनिकल वर्कफोर्स प्लेटफॉर्म को मजबूत करेगी। इसके अलावा, पूंजी का इस्तेमाल भारतीय नर्सों और केयर वर्कर्स को अंतरराष्ट्रीय कॅरियर बनाने के लिए तैयार करने के लिए ट्रेनिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का दायरा बढ़ाने में भी किया जाएगा।

## किया इंडिया द्वारा प्री-जीएसटी सेविंग्स के साथ खास त्योहारी ऑफर्स की घोषणा

**मुंबई।** देश की सबसे तेजी से बढ़ती ऑटोमोबाइल कंपनियों में से एक, किया इंडिया ने आज प्री-जीएसटी सेविंग्स के साथ खास त्योहारी ऑफर्स की घोषणा की है। इन ऑफर्स के तहत ग्राहक चुनिंदा मॉडलों पर कुल 1.75 लाख रुपये तक की बचत कर सकते हैं। यह सीमित अवधि का ऑफर 22 सितम्बर 2025 तक मान्य रहेगा। ऑफर के तहत किया की लोकप्रिय गाड़ियों पर आकर्षक लाभ उपलब्ध हैं। इस ऑफर के तहत किया सेल्टोस पर 1,75,000 रुपये तक का लाभ, किया कैरेंस क्लाविस पर 1,45,500 रुपये तक का लाभ और किया कैरेंस पर 1,26,500 रुपये तक का लाभ किया इंडिया द्वारा दिया जाएगा।

इनमें 58,000 रुपये तक की प्री-जीएसटी सेविंग्स और 1.17 लाख रुपये तक के त्योहारी ऑफर्स शामिल हैं। इसके अलावा, किया इंडिया के पूरे प्रोडक्ट लाइनअप पर भी ग्राहकों के लिए कई विशेष लाभ उपलब्ध रहेंगे। किया इंडिया लगातार डिजाइन, टेक्नोलॉजी और ग्राहक संतुष्टि में नए मानक स्थापित कर रहा है।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति**, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालयः** मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.- 9554493941** email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# ट्रक पर पत्थरबाजी करना पुलिस को पड़ा मांगा, एसएचओ हुए लाइन हाजिर

## सम्बंधित पुलिसकर्मी के विरुद्ध हुई निलंबन की करवाई

सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के लोढ़ी टोला प्लाजा के पास खनिज चेकिंग बैरियर पर भागते वाहनों को रोकने के लिए पत्थरबाज बन बैठी पुलिसकर्मी अब कारवाई के जद में आने लगे है। इस मामले में पुलिस अधीक्षक अशोक मीणा ने राबर्ट्सगंज एसएचओ को लाइन हाजिर कर दिया और संबंधित पुलिस कर्मियों के विरुद्ध निलंबन की कारवाई किया है। माधव सिंह को राबर्ट्सगंज का नया एसएचओ बनाया गया है।

बताते है कि आधी रात लोढ़ी बैरियर पर खनिज विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम के खनिज लदे वाहनों की चेकिंग कर रही थी। टोल प्लाजा की तरफ से तीन वाहन आए। उन्हें जब रोकने की कोशिश गई तो चालक उसे लेकर तेजी से आगे बढ़ने लगे। आरोप है कि चालकों ने मौके पर मौजूद खनिज सर्वेक्षक योगेश शुक्ला को कुचलने की कोशिश की। उन्हें रोकने के लिए वहां मौजूद वदीर्धारियों ने वाहनों पर पत्थर मारने शुरू कर दिए। इस घटना से जुड़े 20 और 30 सेकेंड के दो वीडियो भी



वायरल हो रहे हैं। इसमें पहले रोकिए, रोकिए, इनको रोकिए की आवाज सुनाई दे रही है। वहीं वाहनों को नजदीक पहुंचते ही वदीर्धारियों की तरफ से पत्थर मारा जाना दिखाई दे रहा है। पत्थर मारे जाने के बाद भी तीन वाहन तेजी से निकलते दिख रहे हैं। जब यह वीडियो लोगों के सामने आए तो तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई और सोशल मीडिया पर सोनभद्र पुलिस की लोगों ने जमकर खिंचाई किया की आखिर पुलिस को ऐसी क्या जरूरत पड़ गई जो पत्थर चलाना पड़ा। सोनभद्र पुलिस ने ट्वीट के जरिये अवगत कराया कि इस मामले में खनिज पर्यवेक्षक के चेकिंग की जा रही थी। खनिज पर्यवेक्षक द्वारा ट्रकों की चेकिंग करने हेतु रोकने का प्रयास किया जिस पर ट्रक चालकों द्वारा गाड़ियां न रोकते हुए। गाड़ियों को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए खनिज पर्यवेक्षक को जान से मारने की नीयत से उन पर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया गया तथा मौजूद पुलिस कर्मियों द्वारा ट्रकों को रोकने पर ट्रक चालकों ने उल्टी लेन में गाड़ियों को भागने लगे। जिस पर पुलिसकर्मियों ने ट्रकों को रोकने का प्रयास किया। ट्रकों द्वारा जान से मारने की नियत के संबंध में उचित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# सोनभद्र में खदान पर बालस्टिंग के दौरान पत्थर की चपेट में आकर दो मजदूर हुए लहूलुहान

## प्रशासन की 'खामोशी' और जानलेवा लापरवाही

सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। सुकुत में अवैध खनन और नियमों की अनदेखी का सिलसिला जारी है। रॉबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र के वशिष्ट इंटरप्राइजेज की खदान में एक दर्दनाक हादसा हुआ। जिसमें ब्लास्टिंग (विस्फोट) के दौरान पत्थर की चपेट में आने से दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। इन मजदूरों को तुरंत ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। यह घटना एक बार फिर खनन माफिया और लापरवाह प्रशासन की मिलीभगत पर सवाल उठाती है।

यह खदान एक दलित बस्ती के पास स्थित है, जहां बिना किसी डर के मौत का खेल खेला जा रहा है। खनन पट्टाधारक बेखौफ तरीके से ब्लास्टिंग कर रहे हैं, जिससे न सिर्फ मजदूरों की जान खतरे में है, बल्कि आस-पास के रहवासियों में भी डर का माहौल है।

जिले में पहले भी कई ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, लेकिन इसके बावजूद प्रशासन कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। ऐसा लगता है कि




प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है, तभी उसकी नींद खुलेगी। खदानों में सुरक्षा के नियमों का खुलेआम उल्लंघन हो रहा है, न तो मजदूरों को सुरक्षा उपकरण दिए जाते हैं और न ही ब्लास्टिंग के दौरान उचित सावधानियां बरती जाती हैं। इस तरह की लापरवाही से साफ है कि खनन अधिकारी और प्रशासन, पट्टाधारकों के साथ मिलकर नियमों को ताक पर रख रहे हैं।

यह सिर्फ एक हादसा नहीं है, बल्कि यह खनन माफिया की दबंगई और जिम्मेदार अधिकारियों की निष्क्रियता का नतीजा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन की अनदेखी की वजह से ही माफिया का मनोबल बढ़ा हुआ है।

प्रशासन को इस मामले में तुरंत संज्ञान लेना चाहिए और न सिर्फ खदान संचालक पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, बल्कि उन अधिकारियों की भी जवाबदेही तय करनी चाहिए, जिनकी लापरवाही से यह हादसा हुआ है.मजदूरों की सुरक्षा सुनिश्चित करना और नियमों का पालन करवाना प्रशासन की जिम्मेदारी है, जिसे वे निभाने में पूरी तरह से नाकाम रहे हैं।

# बुलेट सवार युवक को डायल-112 के वाहन ने मारा धक्का, युवक गम्भीर रूप से घायल

## दर्द से तड़पते छोड़ फरार हुए सिपाही, रुकना भी मुनासिब नहीं समझा

**विशाल सोनी**

शाहगंज,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। जो पुलिस लोगों की सुरक्षा के लिए होती है अगर वही किसी के जान का कारण बन जाय तो यह चिंतनीय विषय है। कुछ ऐसा ही मामला नगर के खुटहन मार्ग पर दिखा जहां पुलिस संवेदनहीनता देखने को मिला। रविवार की सुबह प्रतापगढ़ जनपद के ग्राम समोग्रा पट्टी निवासी रविनाथ मौर्य पुत्र बद्रीनाथ अपने भाई के एडमिशन के सिलसिले क्षेत्र के कलान स्थित एक स्कूल में अपने बुलेट वाहन से आया था। एडमिशन की औपचारिकता पूरी करने के बाद वह अपने घर जा रहा था की रास्ते मे नगर के खुटहन रोड स्थित सत्यप्रेम हास्पिटल के पास ही पहुंचा था की विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ़्तार डायल 112 के पुलिस वाहन ने उक्त बुलेट सवार को धक्का मारते हुए आगे निकल गया। जिससे युवक बुलेट सवार युवक बुरी तरह घायल हो गया औए बुलेट भी क्षतिग्रस्त हो गयी। सोचने वाली बात यह है पुलिस वाहन मौके पर रुका भी नही की घायल को अस्पताल पहुंचा दे। बल्कि संवेदनहीनता दिखाते हुए फरार हो गया।किसी तरह स्थानीय लोगों ने घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया।




# खेल एव युवा कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चंद्र यादव के पीआरओ बने कृष्ण कुमार जायसवाल

## प्रसंशकों में खुशी की लहर



जौनपुर(उत्तरशक्ति)। भारतीय जनता पार्टी के खांटी कार्यकताओं में शुमार ई0 कृष्ण कुमार जायसवाल को खेल एवं युवा कल्याण मंत्री गिरीश चंद्र यादव का विशेष भरोसा हासिल हुआ है। मंत्री ने उन्हें अपना जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) नियुक्त किया है। यह खबर मिलते ही भाजपा कार्यकताओं और जायसवाल के शुभचिंतकों में खुशी की लहर दौड़ गई। बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

बातचीत में स्वयं मंत्री गिरीश चंद्र यादव ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने कहा कि कृष्ण कुमार जायसवाल पार्टी के प्रति समर्पण और निष्ठा की सजीव मिसाल हैं। उनके अनुभव और जनसंपर्क क्षमता से संगठन और भी मजबूत होगा।

खेतासराय कस्बे के मूल निवासी कृष्ण कुमार जायसवाल वर्तमान में नगर के हुसेनाबाद मोहल्ले, कलेक्ट्रेट के पास रहते हैं। बचपन से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े रहे। जायसवाल ने भाजपा संगठन को मजबूत करने में लगातार सक्रिय भूमिका निभाई है। पार्टी के कार्यक्रमों में उनकी मौजूदगी और मेहनत हमेशा चर्चा का विषय रही है।

सूत्रों के मुताबिक, कृष्ण कुमार जायसवाल भाजपा जिला अध्यक्ष पद की दौड़ में भी पहली पंक्ति में मजबूती से खड़े हैं। संगठन में उनकी पकड़ और जनाधार को देखते हुए कार्यकताओं में भी उनके भविष्य को लेकर उत्साह देखने को मिल रहा है। स्थानीय कार्यकताओं का कहना है कि उनकी यह नियुक्ति केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि भाजपा के जमीनी कार्यकताओं के लिए प्रेरणा है।

# चाकघाट में गैस एजेंसी खुलेआम ले रही रेट से अधिक पैसा

चाकघाट, रीवा (उत्तरशक्ति)। चाकघाट न्यू बस स्टैंड में संचालित एक गैस एजेंसी में कीमत से बढ़कर पैसा लिया जाता है। कनेक्शन धारियों को खुलेआम 900 रुपए गैस में सिलेंडर दिया जा रहा है। जबकि बुकिंग के दौरान भारत पेट्रोलियम द्वारा दिए गए संदेश में 879 रुपए लिखा रहता है। जब बीपीसीएल द्वारा गैस सिलेंडर का कीमत निर्धारित किया गया है तो अतिरिक्त पैसा क्यों लिया जा रहा है। यह एक प्रश्नचिन्ह है।

आपको बता दे कि पहले लोग लकड़ी का इस्तेमाल किया करते थे। जबकि आज के जमाने में महिलाएं गैस चूल्हे का इस्तेमाल करती है। आज कल गैस सिलेंडर का इस्तेमाल हर घरों में हो रहा है, जिसका नाजायज फायदा एक गैस सर्विस के कर्मचारी पूरी तरह से उठा रहे है। आपको बताते चले कि गैस सर्विस के कर्मचारी द्वारा बताया गया कि ऑनलाइन भुगतान करने पर निर्धारित मूल्य 879 रुपए ही पैसा लिया जाता है । नगद लेने पर सिलेंडर 900 रुपए में दिया जाता है। कनेक्शन धारियों से सीधे 21 रुपए की वसूली करी जा रही है। लोग वैसे भी महंगाई से मार खा रहे है और गैस एजेंसी धन उगाही करने में लगा हुआ है। उदाहरण के रूप में गणना करे तो एक सिलेंडर में 21 रुपए लिया जा रहा है। वहीं प्रतिदिन लगभग 200 से ज्यादा सिलेंडर की खपत है मतलब एक दिन में 4200 रुपए लिया गया अगर 1 महीने का देखे तो 126000 रुपए अवैध तरीके से गया। एजेंसी में रेट लिस्ट अनिवार्य रूप से होना चाहिए ताकि हर व्यक्ति को रेट के बारे जानकारी होती रहे।

एजेंसी के कर्मचारियों से रेट पूछने पर ज्यादा ही बताया जाता है। सही कीमत नहीं बताया जाता जिससे इनका धन उगाही का कारोबार निरंतर चलता रहे। यह आज का ही नहीं इससे पहले भी गैस सर्विस का मामला देखने को मिला था। आखिर कब रेट लिस्ट लगाई जाएगी या ऐसे ही अवैध वसूली का कारोबार चलता रहेगा।

# अफवाह फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्यवाही: थाना प्रभारी

खेतासराय, जौनपुर(उत्तरशक्ति)। कस्बे में अफवाह फैलाने वालों




पर पुलिस ने सख्ती दिखाते हुए कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना प्रभारी रामाश्रय राय ने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया अथवा अन्य किसी माध्यम से फर्जी अफवाह फैलाता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी।

इस क्रम में कस्बे के दुकानदार शिवम बिंद (शाहापुर) और वीरेन्द्र कुमार (सरवरपुर, खेतासराय) के कैमरे पुलिस ने जमा करा लिए हैं। थाना प्रभारी रामाश्रय राय ने स्पष्ट किया कि शांति-व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी तरह की अपुष्ट सूचना पर ध्यान न दें और अफवाह फैलाने से बचें। वही दूसरी तरफ पुलिस की शक्ति आई काम, ड्रोन संचालकों से कैमरा जमा करवाने में जुटी पुलिस।

# करंट के लगने से हुई थी प्राची मिश्रा, समीर खान की मौत, पोस्टमार्टम से हुई पुष्टि

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। तीन सप्ताह पूर्व जौनपुर शहर के मछलीशहर पड़ाव पर सीवर के नाले में बहने से प्राची मिश्रा और समीर खान की मौत के बाद पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में बिजली का करंट लगने से मौत की बात



कही गई। चार दिन पूर्व 9/10 सितंबर को गाजीपुर में पुलिस की पिटाई से हुई भाजपा कार्यकर्ता सियाराम उपाध्याय की मौत के मामले में पोस्ट मार्टम रिपोर्ट में हार्ट अटैक की बात सामने आई। डेढ़ वर्ष पूर्व जौनपुर शहर के पालीटेक्निक चौराहे के निकट मंडी अहमद खां मुहल्ले में एसटीपी और अमृत योजना द्वारा सीवर खुदाई के दौरान विशाल गड्ढे में मिट्टी में दबने से एक मजदूर की मौत हो गई। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट का आज तक खुलासा नहीं हुआ। जौनपुर शहर में चल रही एसटीपी और अमृत योजना के तहत चल रही सीवर की खुदाई के गड्ढों में गिरने से विगत 4 सालों में 100 से अधिक लोग अपने हाथ पैर तुड़वा चुके हैं।

उपरोक्त रिपोर्टों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि अगर किसी आम आदमी के साथ सीवर के खतरनाक गड्ढों में गिरने से कोई अनहोनी होती है तो उसकी भी रिपोर्ट ब्रेन हैमरेज और हार्ट अटैक दिखाकर एसटीपी और अमृत योजना को क्लीन चिट दे दी जाएगी। एसटीपी और अमृत योजना में खुलेआम भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों को संरक्षण देने वालों के खिलाफ शासन कब करेगा कार्रवाई।

# बस और बाइक की टक्कर में युवक की मौत

बक्सा,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। बक्सा थाना क्षेत्र में शनिवार को सवंसा स्थित पेट्रोल पंप के पास एक जोरदार सड़क हादसा हो गया। हिफाजत बस बक्सा से जौनपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान सामने से आ रहे बाइक सवार से टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार दुर्गेश मिश्रा बस के नीचे आ गए। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक स्वर्गीय रमाकांत मिश्रा के पुत्र थे और बक्सा के रहने वाले थे। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच जारी है। घटना से मृतक के परिवार में शोक छाया हुआ है।

# पुत्र की लंबी आयु के लिए महिलाओं ने रखा जीवित्पुत्रिका व्रत

## जीवित्पुत्रिका पर्व पर महिलाओं ने रखा निराजल व्रत

शाहगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। महिलाओं ने पुत्र की लंबी आयु के रविवार को जीवित्पुत्रिका व्रत (जिउतिया) रख कर विधि विधान से पूजन किया। महिलाओं ने 24 घंटे का निर्जला व्रत रख कर पुत्र की सलामती और स्वस्थ जीवन की कामना की। जीवित्पुत्रिका व्रत हर वर्ष अश्विन मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को किया जाता है। इस व्रत की शुरूआत सप्तमी से नहाय-खाय के साथ हो जाती है। व्रत का पारण नवमी को होता है। इस दौरान महिलाएं गोट बना कर कहानी सुनती हैं। जिउतिया को लेकर रविवार को सुबह ही महिलाओं ने घर की साफ सफाई कर प्रसाद आदि बनाने में जुट गई। सुबह से पूजा के सामानों की दुकानें सज गई थीं। व्रत के चलते फलों के दाम भी बढ़ गए थे। शाहगंज नगर की महिलाओं ने निर्जला व्रत रखकर शाम को नगर के पक्का पोखरा स्थित राम लीला मैदान, बुढवा बाबा मन्दिर, बौलिया स्थित राम जानकी मन्दिर समेत अन्य स्थानों पर जीवित्पुत्रिका पर विधि विधान से पूजन अर्चन किया गया। ग्रामीण इलाकों में भी विधि विधान के साथ



जीउतिया की पूजा हुई। दोपहर बाद महिलाएं प्रसाद का सामान लेकर पूजा स्थल पर पहुंची। जहां पहले से बने गोट के चारों तरफ महिलाएं घेरा बना कर बैठ गईं। महिलाओं ने जीउतिया की कथा सुनी। कुछ जगह-जगह मेले का भी आयोजन किया गया। इस व्रत की संबंध महाभारत काल से जुड़ा है। महाभारत के युद्ध में अपने पिता की मौत के बाद अश्वत्थामा बहुत नाराज था। उसके हृदय में बदले की भावना भड़क रही थी। इसी के चलते वह पांडवों के शिविर में घुस गया। शिविर के अंदर पांच लोग सो रहे थे। अश्वत्थामा ने पांडव समझ कर उन्हें मार डाला। वह सभी द्रोपदी की पांच संतानें थीं। फिर अर्जुन ने उसे बंदी बना कर उसकी। और उनकी दिव्य मणि छीन ली। अश्वत्थामा ने बदला लेने के लिए अभिमन्यु की पत्नी उत्तरा के गर्भ में पल रहे बच्चे को मारने की साजिश रची। उसने ब्रह्मास्त्र का इस्तेमाल कर उत्तरा के गर्भ को नष्ट कर दिया। ऐसे में भगवान श्रीकृष्ण ने अपने सभी पुण्यों का फल उत्तरा की अजन्मी संतान को देकर उसको गर्भ में फिर से जीवित कर दिया। गर्भ में मर कर जीवित होने के कारण उस बच्चे का नाम जीवित्पुत्रिका पड़ा। तब से ही संतान की लंबी उम्र और मंगलमय जीवन के लिए जिउतिया का व्रत महिलाएं करती हैं। आगे चलकर यही बच्चा राजा परीक्षित बना।

# डीसीएम की जोरदार टक्कर से दो पहिया वाहन सवार की हुई मृत्यु

## घटना के बाद डीसीएम चालक फरार, पुलिस तलाश में जुटी

आजमगढ़ (उत्तरशक्ति)। जनपद फूलपुर कोतवाली क्षेत्र के पलिया कुँवर नदी पुल के पास रविवार को एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब तीनों युवक एक बाइक पर सवार होकर शाहगंज की ओर से आ रहे थे और सामने से आ रही एक डीसीएम ने उन्हें टक्कर मार दी। मृतक की पहचान बीरेंद्र (25 वर्ष), पुत्र राजमनि, निवासी बैरमपुर, थाना तहबरपुर, के रूप में हुई है। घायलों में शनि (20 वर्ष), पुत्र रमेश, निवासी बैरमपुर, थाना तहबरपुर, और कौशल राजभर (22 वर्ष), पुत्र बनवारी, निवासी माहुल, थाना अहरौला, शामिल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर



के बाद डीसीएम चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही अम्बारी पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। घायलों को तत्काल फूलपुर सीएचसी अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने मृतक बीरेंद्र के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस फरार डीसीएम चालक की तलाश में जुट गई है।

# किसानों के उत्पादों के बाजार पर चर्चा, तेजस्वी किसान मार्ट की संगोष्ठी सम्पन्न

मोहनलालगंज ,लखनऊ (उत्तरशक्ति)। समेसी रसूलपुर किसानों की आय में वृद्धि और उनके उत्पादों को उचित मूल्य दिलाने के उद्देश्य से तेजस्वी किसान मार्ट के तत्वावधान में एक विशेष संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में किसानों, कृषक उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के प्रतिनिधियों और कृषि विशेषज्ञों ने भाग लिया। संगोष्ठी में किसानों के उत्पादों के विपणन की चुनौतियों और संभावनाओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

संगोष्ठी की अध्यक्षता मनीष कुमार (निदेशक, मोहनलालगंज कृषक विकास उत्पादक कंपनी लिमिटेड) ने की तथा संचालन का दायित्व अजय कुमार मौर्या ने निभाया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में एस. के. सिंह (एरडे एग्रो प्राइवेट लिमिटेड), आयुष अग्निहोत्री (बाजार प्रबंधन विशेषज्ञ) , हिमांशु चतुर्वेदी (प्रबंध निदेशक, तेजस्वी किसान मार्ट) और इंजीनियर प्रकाश पाण्डेय (संस्थापक, तेजस्वी किसान मार्ट प्रमुख वक्ता) उपस्थित रहे। बैठक के दौरान किसानों के पारंपरिक उत्पादों विशेषकर सब्ज़ियों और अनाज की बिक्री को लेकर विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि अब समय आ गया है कि किसान पारंपरिक तरीकों के साथ-साथ आधुनिक विपणन तंत्र को भी अपनाएँ। संगोष्ठी में यह भी जोर दिया गया कि कृषक उत्पादक संगठन (एफपीओ) किसानों को संगठित करने




और उन्हें सामूहिक रूप से बाजार से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। आयुष अग्निहोत्री ने कहा कि किसान तभी लाभान्वित होंगे जब वे संगठित होकर एकजुट प्रयास करेंगे। हिमांशु चतुर्वेदी ने बताया कि किसानों को केवल उत्पादक ही नहीं बल्कि व्यापारी भी बनना होगा। तभी उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकेगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि तेजस्वी किसान मार्ट पिछले तीन वर्षों से किसानों के साथ कार्य कर रहा है और आज यह 22 राज्यों में सक्रिय है, साथ ही 5 स्टोर स्थापित किए जा चुके हैं। इंजीनियर प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि संगठन का मूल उद्देश्य किसानों को बिचौलियों से मुक्त कर उनके उत्पाद सीधे उपभोक्ताओं तक पहुँचाना है। संगोष्ठी में अजय मौर्या, निखिल मौर्या, सर्वजीत मौर्या, सूर्यपाल सहित दो दर्जन से अधिक प्रगतिशील किसान शामिल हुए। किसानों ने कहा कि पारंपरिक उत्पादों के साथ-साथ उन्हें ऐसे साधनों की आवश्यकता है, जिससे उनका माल आसानी से बड़े बाजार तक पहुँच सके। बैठक के अंत में सभी प्रतिभागियों ने इस बात पर सहमति व्यक्त की कि सामूहिक पहल, एफपीओ की सक्रिय भूमिका और आधुनिक विपणन प्रणाली से ही किसान आत्मनिर्भर बन सकते हैं। संगोष्ठी का समापन किसानों और संगठनों द्वारा इस संकल्प के साथ किया गया कि वे भविष्य में मिलकर किसानों की समृद्धि और उनके उत्पादों को उचित बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य करेंगे।

# नाटक से गूँजा संदेश: जीवन अमूल्य है, मानसिक स्वास्थ्य का रखें ध्यान

## विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह: ग्रामीण जागरूकता अभियान

जौनपुर (उत्तरशक्ति)। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर के व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग एवं वेलनेस सेंटर के संयुक्त तत्वावधान में विश्व आत्महत्या रोकथाम सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को कम्पोजिट उ. प्रा. विद्यालय, देकवली (विकास खण्ड करंजाकला) में ग्रामीण जागरूकता अभियान आयोजित हुआ।

कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने नाटक और पोस्टर प्रदर्शन के माध्यम से मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम से जुड़े संदेश दिए। इस अवसर पर व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम के नोडल अधिकारी प्रो. अजय प्रताप सिंह ने कहा कि छोटी-छोटी मानसिक




समस्याएं समय रहते समझी न जाएं तो वे गंभीर रूप ले लेती हैं। उन्होंने पारिवारिक संवाद और संवेदनशीलता को आत्महत्या रोकने का प्रभावी उपाय बताया।

डॉ. जाह्नवी श्रीवास्तव के निर्देशन में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत नाटक को ग्रामीणों ने सराहा। ग्राम प्रधान महेश सोनकर ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. अन्नू त्यागी, उमा सिंह, संजय दूबे, शिखा तिवारी, कमर फातमा, शिरीन, फरहान फातिमा, जयचन्द, सुशीला देवी समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## इमारत दुर्घटना पीड़ितों को मोरारी बापू की ओर से आर्थिक सहायता,अपर्णा पाटील की पहल से वितरण संपन्न



**विरार।** नारंगी, विजय नगर स्थित रमाबाई इमारत के ढहने से हुई दुखद दुर्घटना में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए एवं पीड़ित परिवारों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से, देश के सुप्रसिद्ध राम कथावाचक पूज्य मोरारी बापू द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस मानवीय सहायता के वितरण की पहल भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश महिला मोर्चा की सचिव श्रीमती अपर्णा पाटील द्वारा की गई। यह सहायता श्रीमती पाटील के भाजपा जनसंपर्क कार्यालय, न्यू सिद्धिविनायक हाइट्स, वसई (पश्चिम) में आयोजित एक कार्यक्रम के माध्यम से पीड़ित परिवारों को वितरित की गई। कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों सहित स्थानीय कार्यकताओं और मृतकों के परिजन उपस्थित रहे। इस अवसर पर सुरेश परमार, पीयूष व्यास, छोटू आनंद, श्रीमती अपर्णा पाटील सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे। सभी ने मिलकर इस पहल को सामाजिक सेवा और मानवीय संवेदना का सशक्त उदाहरण बताया। श्रीमती पाटील ने कहा कि ह्ययह सहायता न केवल आर्थिक राहत है, बल्कि उन परिवारों के साथ हमारी भावनात्मक एकजुटता और संवेदनशीलता का भी प्रतीक है, जो इस कठिन समय से गुजर रहे हैं।पूज्य मोरारी बापू द्वारा इस प्रकार की सामाजिक सहायता पूर्व में भी कई आपदाओं के समय दी जाती रही है, जो उनकी लोककल्याणकारी सोच का प्रमाण है।

## वसई मंडळ द्वारा 'सेवा पंधरवडा अभियान कार्यशाळा' संपन्न



**वसई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में आयोजित ह्यसेवा पंढरवाड़ा 2025ह्व कार्यक्रम के अंतर्गत वसई रोड मंडळ की कार्यशाळा सांगवी हॉल, वसई पश्चिम में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस कार्यशाळा का नेतृत्व भाजपा वसई रोड मंडल अध्यक्ष श्री महेश सरवणकर ने किया। कार्यशाला में आगामी 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले 'सेवा पंढरवाड़ा' के विविध कार्यक्रमों की विस्तृत रूपरेखा प्रस्तुत की गई। भाजपा जिल्हा अध्यक्ष प्रह्या पाटील, मंडळ अध्यक्ष महेश सरवणकर, और अन्य पदाधिकारियों द्वारा सेवा सप्ताह के आयोजन की योजनाएं साझा की गईं। इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग तक सेवा और सहायता पहुँचाना है। इस अवसर पर भाजपा वसई विरार जिल्हा महामंत्री मनोज बारोट और विजेंद्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। समग्र कार्यक्रम का संचालन मंडळ सर चिटणीस अर्जुन इंगोले ने किया, जबकि सेवा पंढरवाड़ा के कार्यक्रमों की संकल्पना और रूपरेखा डॉ. सीमा सिंगर द्वारा प्रस्तुत की गई। भाजपा वसई रोड मंडल की इस पहल से यह स्पष्ट होता है कि पार्टी समाजसेवा के माध्यम से जन-जन तक पहुँचने का संकल्प लेकर कार्य कर रही है।

## कंप्यूटर शिक्षक भर्ती में गैर बीएड धारकों की नियुक्ति पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक

प्रयागराज (उत्तरशक्ति)। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कंप्यूटर शिक्षक भर्ती में गैर बीएड धारकों को तगड़ा झटका दिया है। कोर्ट ने सहायक अध्यापक (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) कंप्यूटर पदों की भर्ती में गैर बीएड डिग्रीधारकों की नियुक्ति पर रोक लगा दी है। कंप्यूटर शिक्षक भर्ती में बीएड की अनिवार्यता समाप्त करने पर सरकार से दो हफ्ते में जवाब तलब किया है। हालांकि, भर्ती प्रक्रिया जारी रहेगी। यह आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति अरुण कुमार की अदालत ने जौनपुर निवासी प्रवीन मिश्रा व अन्य की ओर से वर्ष 2024 में बने छठे संशोधन नियम और उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग की ओर से 2025 में विज्ञापित सहायक अध्यापक भर्ती को चुनौती देने वाली याचिका पर दिया है। कोर्ट ने कहा कि इस पद पर नियुक्ति के लिए बीएड की डिग्री अनिवार्य है, जबकि राज्य सरकार ने इसे केवल वांछनीय योग्यता बताकर भर्ती की राह आसान करने की कोशिश की। कोर्ट ने साफ किया कि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की अधिसूचना को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। गौरतलब है कि छठे संशोधन नियम व आयोग के विज्ञापन में कहा गया कि कंप्यूटर शिक्षक के पद पर बीएड केवल वरीयता मानी जाएगी, अनिवार्य नहीं, जबकि राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद (एनसीटीई) की अधिसूचना के मुताबिक कंप्यूटर शिक्षक के पद पर नियुक्ति के लिए बीएड अनिवार्य योग्यता है। इसके खिलाफ याचियों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। याचियों के अधिवक्ता ने दलील दी कि एनसीटीई की 12 नवम्बर 2014 की अधिसूचना में बीएड को माध्यमिक स्तर के सभी अध्यापक पदों के लिए न्यूनतम योग्यता घोषित किया गया है। इसलिए राज्य सरकार इसे बदल नहीं सकती। वहीं, राज्य सरकार के अधिवक्ता ने दलील दी कि 2018 की भर्ती में बीएड योग्य अभ्यर्थियों की कमी के कारण बड़ी संख्या में पद रिक्त रह गए थे। छात्रों के हित में संशोधन कर अधिक उम्मीदवारों को अवसर देने की कोशिश की गई। अदालत ने सरकार की दलीलों को मानने से इन्कार कर दिया। कहा कि एनसीटीई की अधिसूचना बाध्यकारी है और इसमें किसी भी प्रकार की ढील देना कानून के खिलाफ है। योग्यता में छूट देना शिक्षा की गुणवत्ता के साथ समझौता है। लिहाजा, कोर्ट ने गैर बीएड डिग्रीधारकों की नियुक्ति पर रोक लगा दी। हालांकि, कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि भर्ती प्रक्रिया जारी रहेगी।

## जाम लगाने वाले 10 नामजद समेत कई अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

सगड़ी। जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र में लोकोपायलट दुर्गेश कुमार की हत्या को लेकर शुक्रवार को हालात बिगड़ गए थे। बसपा प्रदेश अध्यक्ष के जाने के बाद आक्रोशित भीड़ ने गोरखपुर-आजमगढ़ मुख्य मार्ग को नौशहरा मोहल्ले के पास करीब डेढ़ घंटे तक जाम कर दिया। सैकड़ों महिला-पुरुष हाथों में लाठी-डंडा, ईंट और पत्थर लेकर सड़क पर उतर आए और पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। जाम की वजह से मार्ग पर लंबा जाम लग गया। एंबुलेंस समेत कई वाहनों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पुलिस अधिकारियों के समझाने-बुझाने के बावजूद लोग पीछे हटने को तैयार नहीं हुए। इस मामले में जीयनपुर कोतवाली में तैनात दारोगा गुरुदयाल यादव की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई की है। करैला गांव निवासी विनय कुमार राम, इंद्रासन राम, हरैया निवासी राम चरण, जुगल किशोर, संदीप, अर्जुन, बर्जला निवासी झिनक, विजेंद्र, अरविंद कुमार और गौतम यादव समेत 10 नामजद और सैकड़ों अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी जितेंद्र बहादुर सिंह ने बताया कि जाम के दौरान बने वीडियो और फुटेज की मदद से अन्य उपद्रवियों की पहचान की जा रही है।

## बेकाबू कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

घूरपुर (प्रयागराज) घूरपुर थाना क्षेत्र के सरंगापुर बाजार में हाईवे पर बेकाबू कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन की हालत नाजुक बनी हुई है। उनको स्थानीय निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार कराने के बाद एसआरएन ले जाया गया है। सीओडी छिवकी में कार्य करने वाला एक कर्मचारी कार से कहीं जा रहा था। सरंगापुर बाजार के पास साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में चालक ने संतुलन खो दिया और ने बाइक में टक्कर मार दी। बाइक में कुल पांच लोग सवार थे। कार के धक्के से सभी लोग छिटककर दूर जा गिरे। इसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि तीन गंभीर रूप से घायल हो गए।

## मुलुंड में जीवित पुत्रिका व्रत (जिउतिया) पूजन समारोह संपन्न



**मुंबई।** युवा ब्रिगेड एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. सचिन सिंह के नेतृत्व में स्व. शेठ रामकृपाल सिंह प्रांगण, मुलुंड पश्चिम में लगातार 50वें वर्ष जिउतिया पूजन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। परंपरा और श्रद्धा से ओतप्रोत यह आयोजन स्थानीय समाज की धार्मिक एकता और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक बन चुका है। बारिश के बावजूद श्रद्धालु महिलाओं की भारी भीड़ को देखते हुए युवा ब्रिगेड द्वारा पंडाल, टेबल, कुर्सी और लाइट की समुचित व्यवस्था की गई थी। दोपहर 3 बजे से रात 8 बजे तक सैकड़ों व्रती महिलाओं ने अपने पुत्रों की दीघार्यु, रोगमुक्त जीवन और सुख-समृद्धि की कामना करते हुए निर्जला व्रत रखकर माता जिउतिया का पूजन किया। इस मौके पर 90 वर्षीय श्रीमती बबना देवी सिंह, जो इस आयोजन की संस्थापक रही हैं, ने समस्त श्रद्धालुओं को आशीर्वाद प्रदान किया और कार्यक्रम को अपनी गरिमामयी उपस्थिति से गौरवान्वित किया। पूजन आयोजन में श्रीमती जयबाला सिंह, बासमती सिंह, आरती सिंह, साधना सिंह, विभा सिंह, अनीता सिंह, हेमलता सिंह, उर्वशी सिंह और नीतू सिंह ने श्रद्धालु महिलाओं का गर्मजोशी से स्वागत किया और व्यवस्था संभाली। समारोह में वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. बाबूलाल सिंह, श्रीराम सिंह, महानन्द सिंह, राकेश मिश्रा, दयाशंकर पाल, रमेश सिंह, मोहित सिंह, विनोद सिंह, भोला सिंह, नवीन सिंह, रवि बरनवाल सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे और आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। समाज की आस्था और एकजुटता का प्रतीक यह वार्षिक आयोजन, जिउतिया व्रत की परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनता जा रहा है।

## पद्म विभूषण पंडित छन्नूलाल मिश्र की हालत नाजुक, बीएचयू में आइसीयू में भर्ती,संगीत प्रेमियों ने शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की



सुरेश गांधी

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। बनारस घराने के प्रख्यात शास्त्रीय गायक एवं पद्म विभूषण सम्मानित पंडित छन्नूलाल मिश्र (89) की तबीयत गंभीर बनी हुई है। शनिवार को हृदयगति रुकने के बाद उन्हें काशी हिंदू विश्वविद्यालय के सर सुंदरलाल अस्पताल स्थित सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक के पांचवें तल पर आइसीयू में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने उनकी स्थिति नाजुक बताई है और लगातार विशेषज्ञ निगरानी में इलाज जारी है। पंडित छन्नूलाल मिश्र के स्वास्थ्य को लेकर काशी सहित देशभर के संगीत प्रेमियों, शिष्यों और प्रशंसकों में गहरी चिंता है। सभी उनके शीघ्र स्वस्थ होने और पुनः सुरों की साधना में लौटने की प्रार्थना कर रहे हैं। रविवार सुबह बीएचयू के कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी अस्पताल पहुंचे और पंडित जी का कुशलक्षेम जाना। उन्होंने उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। पारिवारिक सूत्रों के अनुसार पंडित जी पिछले छह महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। रक्त की कमी के कारण उन्हें पहले मिजार्पुर के ओझला स्थित रामकृष्ण मिशन सेवाश्रम हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया था। दो दिन पूर्व तबीयत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर उपचार के लिए बीएचयू रेफर कर दिया। बीएचयू प्रशासन ने उनके आगमन से पहले ही आपात तैयारियां पूरी कर ली थीं। आईएमएस निदेशक प्रो. एस.एन. संखवार ने हृदय रोग, चेस्ट सहित सभी संबंधित विभागों के चिकित्सकों व पैरामेडिकल स्टाफ को अलर्ट पर रखा। पंडित जी को अस्पताल पहुंचते ही सीधे आइसीयू में शिफ्ट किया गया, जहां हृदय रोग विशेषज्ञों की टीम चौबीसों घंटे उनकी देखरेख कर रही है।

## लक्ष्मीकुंड से गंगा घाटों तक : मातृत्व की ममता में डूबी काशी



सुरेश गांधी

वाराणसी(उत्तरशक्ति)। मां और संतान के अद्भुत रिश्ते को समर्पित जीवितपुत्रिका व्रत ने रविवार को पूरी काशी को आस्था के अनोखे रंग में रंग दिया। सूर्योदय से पहले ही लक्ष्मीकुंड, ईश्वर गंगी, शंकुलधारा पोखरा और गंगा घाटों पर व्रती माताओं का सैलाब उमड़ पड़ा। हाथों में पूजन सामग्री से सजी बांस की टोकरियां, माथे पर लाल टीका और आंखों में संतान की दीघार्यु की कामना, हर दृश्य मातृत्व की अद्वितीय शक्ति का प्रमाण दे रहा था। काशी की गलियों में इस पर्व का उल्लास देर रात तक गूंजता रहा, जहां हर दीपक, हर मंत्र और हर माँ का संकल्प एक ही प्रार्थना कह रहा था : ह्लसंतान स्वस्थ रहे, दीघार्यु हो और परिवार में सुख-समृद्धि बनी रहे।ह्व सुबह स्नान कर माताओं ने सूर्यदेव को अर्घ्य अर्पित किया और निर्जला व्रत का संकल्प लिया। तीन दिन चलने वाले इस अनुष्ठान का आरंभ ह्यनहाय-खायह्व से हुआ था, जबकि सोमवार को व्रत का पारण होगा। दिन चढ़ने के साथ काशी के मंदिरों में मां लक्ष्मी की आराधना शुरू हुई। सायंकाल महिलाओं ने गोट बनाकर जीवित्पुत्रिका की कथा सुनी और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। शहर के प्रमुख लक्ष्मी मंदिरों, लक्ष्मीकुंड और तालाबों पर दिन भर जय-जयकार गूंजता रहा। सोरहिया मेले की रौनक देखते ही बनती थी।

बाजारों में सुबह से ही चहल-पहल रही। सेब, केला, अनार और पूजन सामग्री की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। गलियों में जिउतिया का धागा बेचते व्यापारी दिन भर घूमते रहे। पुलिस बल की तैनाती से सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। शाम ढलते-ढलते गंगा घाटों पर दीपों की पंक्तियां झिलमिला उठीं। मंदिरों में मंत्रोच्चार और घंटियों की गूंज देर रात तक बनी रही। व्रती महिलाएं पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद बांटते हुए घर लौटीं, तो पूरा वातावरण मातृत्व की ममता और आस्था से सराबोर हो उठा।

शहर के लक्ष्मी कुंड, ईश्वर गंगी, शंकुलधारा पोखरों पर महिलाओं की काफी भीड़ जमा रही। कथा श्रवण किया गया। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक पूजन और कथा श्रवण के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने से मेले जैसा दृश्य हो गया था। भारी भीड़ को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था काफी टाइट रही। पुलिसकर्मियों ने बड़े सूझ बूझ के साथ लाइन लगवा कर लोगों को दर्शन पूजन कराया। लक्सा स्थित माता लक्ष्मी के दरबार को आकर्षक ढंग से सजाया गया। महंतों ने जीवित्पुत्रिका के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह व्रत केवल उपवास नहीं, बल्कि मातृभाव की उस गहरी साधना का प्रतीक है जिसमें संतान का सुख ही मातृ-जीवन का परम पुरस्कार बन जाता है।

## दो कमरों में हो रही कक्षा एक से 5 तक की पढ़ाई

**फरिहा।** शिक्षा के अधिकार की बात करने वाली सरकार कि योजनाओं की जमीनी हकीकत प्राथमिक विद्यालय नंदपुर चकिया, मोहम्मदपुर शिक्षा क्षेत्र में देखने को मिल रही है। यहां दो कमरों में कक्षा 1 से 5 तक की पढ़ाई कराई जा रही है, जबकि विद्यालय में कुल 66 छात्र पंजीकृत हैं और 4 शिक्षक नियुक्त हैं। विद्यालय में कुल चार पक्के कमरे बने हैं। इनमें से एक में आंगनबाड़ी केंद्र, दूसरे में ऑफिस, तीसरे को अतिरिक्त कक्ष और चौथे को रसोईघर के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। केवल दो ही कमरे ऐसे हैं जहां पर कक्षा 1 से 5 तक के सभी बच्चों की पढ़ाई होती है। विद्यालय में चहारदीवारी सिर्फ तीन तरफ है, जबकि एक ओर से शारदा सहायक खंड-32 की नहर विद्यालय परिसर से सटी हुई है। बाउंड्रीवॉल नहीं होने के कारण बच्चों के नहर में गिरने का खतरा बना रहता है। शनिवार को विद्यालय परिसर में बकरियां खुलेआम घूम रही थीं। प्रधानाध्यापक विरेंद्र यादव ने कहा कि विद्यालय परिसर से सटी हुई नहर के कारण हमेशा डर बना रहता है कि कहीं कोई बच्चा नहर की ओर न चला जाए। इनमें से एक में आंगनबाड़ी केंद्र, दूसरे में ऑफिस, तीसरे को अतिरिक्त कक्ष और चौथे को रसोईघर के रूप में प्रयोग किया जा रहा है। केवल दो ही कमरे ऐसे हैं जहां पर कक्षा 1 से 5 तक के सभी बच्चों की पढ़ाई होती है। इसलिए बाउंड्री वॉल बनवाना आवश्यक है। मोहम्मदपुर ब्लॉक के एसडीआई रवि प्रकाश से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सरकार ने जितने कमरे बनवाए गए हैं, उसी में शिक्षा दी जाएगी, उसके अतिरिक्त कुछ करना हमारे अधिकार क्षेत्र में नहीं है।

## मंत्री—विधायक से निराश छात्र के सहयोग के लिए आगे आया सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट, जमा किया फीस



**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर निवासी संदीप प्रजापति ने वर्ष 2019—21 में डी-फार्मा की पढ़ाई पूरी की और परीक्षा भी उत्तीर्ण कर ली। लेकिन डिग्री प्राप्त करने के लिए कुल 1.50 लाख की फीस में से 90,000 भरने के बाद भी पिछले चार वर्षों से शेष ?60,000 की राशि आर्थिक तंगी के कारण जमा नहीं कर पाए। संदीप ने कई बार सांसद, विधायक, मंत्री और यहां तक कि जिलाधिकारी तक से मदद की उम्मीद जताई, लेकिन हर जगह से निराशा ही हाथ लगी। इसी बीच उन्हें सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट, मुंबई की जानकारी मिली और वे अंतिम उम्मीद लेकर संस्था के प्रमुख अजय प्रजापति, इंद्रजीत प्रजापति और विनोद प्रजापति से मिलने मुंबई पहुँचे। अजय प्रजापति एवं उनकी टीम ने पूरे मामले की जाँच—पड़ताल की और ट्रस्ट के सदस्यों से सहयोग की अपील की। अपील के बाद देशभर से करीब 125 लोगों ने बढ़-चढ़कर सहयोग दिया और कुल 60,000 की राशि एकत्रित की गई। इसमें विशेष रूप से हरिद्वार की माजू बालियान, नोएडा के पियूष प्रजापति, कपिल देव प्रजापति सहित कई लोगों ने योगदान दिया। रविवार को कल्याण (मुंबई) में आयोजित एक छोटे से कार्यक्रम में संदीप को कॉलेज के नाम पर बना ?60,000 का चेक सौंपा गया। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक अजय प्रजापति, नालासोपारा से सचिन प्रजापति, कल्याण से संजय प्रजापति और नवी मुंबई से इंद्रजीत प्रजापति उपस्थित रहे। चेक प्राप्त करते ही संदीप की आँखों में खुशी के आँसू आ गए। उन्होंने भावुक होकर कहा जब हर ओर से उम्मीदें टूट चुकी थीं, तब सर्व प्रजापति शक्ति ट्रस्ट ने नया जीवन दिया है। मैं दिल से अजय और सभी सहयोगियों का आभारी हूँ।

## वरली कोलीवाड़ा में चार दिवसीय आरोग्य शिबिर का सफल आयोजन



मुंबई। भारतीय जनता पार्टी दक्षिण मुंबई के वरली कोलीवाड़ा मंडल और उमंग चाइल्ड ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय आरोग्य शिबिर का समापन आज माणिक धर्मा पाटिल जमात ट्रस्ट, वरली कोलीवाड़ा में संपन्न हुआ। मंडल संयोजक दीपक सावंत के नेतृत्व में आयोजित इस विशेष आरोग्य शिबिर में 30 वर्ष से 65 वर्ष की आयु वर्ग की महिलाओं के लिए हीमोग्लोबिन, विटामिन उ३, मधुमेह, थायरॉइड, और ब्रेस्ट कैंसर जैसी प्रमुख बीमारियों की मुफ्त जांच की गई। शिबिर को महिलाओं से भरपूर प्रतिसाद मिला और करीब 1500 से अधिक महिलाओं ने इसका लाभ उठाया। सभी लाभार्थियों को हाईजेनिक सेफ्टी किट भी वितरित की गई। आज शिबिर के अंतिम दिन मुंबई भाजपा के उपाध्यक्ष एवं सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी का पुष्पगुच्छ देकर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर वरली कोलीवाड़ा मंडल अध्यक्ष स्वप्निल जगदाळे, महामंत्री विनोद राय, प्रशांत कोळी, ज्येष्ठ उपाध्यक्ष बालगोविंद तिवारी, गणेश शेलार, आर. डी. सोनकर, सचिव प्राप्ती ब्रिजे, श्रीकांत, राधेश्याम यादव, गणेश भिकुले, मधुरानी जैसवाल सहित भाजपा के अनेक सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इस आयोजन ने न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाई, बल्कि समाज सेवा की दिशा में भाजपा की सक्रिय भूमिका को भी दशार्या।

## भाजपा के वरिष्ठ नेता चंद्रशेखर धुरी का जन्मदिन मनाया गया



वसई रोड। लोकतंत्र सेनानी, भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता, तथा वसई के पूर्व नगरसेवक और सरपंच चंद्रशेखर धुरी का जन्मदिन वसई रोड पश्चिम के उन्नती हॉल में भव्य रूप से मनाया गया। इस शुभ अवसर पर भाजपा समेत अन्य राजनैतिक दलों के अनेक पदाधिकारी, कार्यकर्ता, तथा परिजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नालासोपारा के विधायक राजन नायक, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रह्या पाटील, महामंत्री मनोज बारोट, विधानसभा प्रमुख विनायक निकम, पूर्व विधानसभा प्रमुख मनोज पाटील, वरिष्ठ नेता वसंत धुरी, अभय कक्कड़, मेथ्यू कोलासो, सायबा मोरे, वरिष्ठ सुधाकर भानुशाली, माजी नगरसेवक किरण भोईर, नगरपालिका आयुक्त नंदकुमार महाराज, व्यापारी प्रमुख सुनील तरैया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। चंद्रशेखर धुरी के परिवार से उनकी धर्मपत्नी मंगला धुरी, पुत्र श्रेयस धुरी, एडवोकेट साधना धुरी, सुनील धुरी, सीमा धुरी, और विवेक धुरी ने भी कार्यक्रम में सहभाग लिया और सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन वसई रोड मंडल अध्यक्ष महेश सरवणकर ने किया, जबकि संपूर्ण व्यवस्था लालजी कनोजिया ने संभाली। मंच से अपने संबोधन में विधायक राजन नायक, वरिष्ठ नेता सुधाकर भानुशाली, नंदकुमार महाजन, तथा ?ड. साधना धुरी ने चंद्रशेखर धुरी के साथ बिताए वर्षों की पुरानी यादें साझा कीं और उन्हें एक कर्मठ, जनसेवाभावी, तथा लोकप्रशंसित कार्यकर्ता बताया। वक्ताओं ने कहा कि चंद्रशेखर धुरी ने वसई शहर में अपनी मेहनत, जनसेवा और पारदर्शिता से एक अलग पहचान बनाई है। उनका जीवन 'लोकसेवा ही धर्म है' इस विचार को समर्पित रहा है। इस मौके पर उत्तरशक्ति डेली न्यूज पेपर के संवाददाता सहित वसई साईनगर 97 वॉर्ड के सभी पदाधिकारी और कार्यकताओं ने भी चंद्रशेखर धुरी को लंबी आयु और उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएँ दीं।

## पीएम मोदी के जन्मदिवस पर सेवा पंधरावाड़ा अभियान, बैठक में डॉ. हेमंत सावरा हुए शामिल



**पालघर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितम्बर) के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा पंधरावाड़ा अभियान के अंतर्गत डहाणू में एक भव्य ज़िला स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पालघर के सांसद डॉ. हेमंत सावरा ने विशेष रूप से उपस्थित होकर मार्गदर्शन किया। बैठक का उद्देश्य सेवा पंधरावाड़ा के अंतर्गत आगामी गतिविधियों की योजना बनाना, उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा करना तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवाएं पहुँचाने के संकल्प को दोहराना रहा। कार्यक्रम में विशेष रूप से यह जोर दिया गया कि भाजपा सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुँचे। इस अवसर पर ज़िला अध्यक्ष भरतभाई राजपूत, डहाणू विधायक सुनील राणे, विक्रमगढ़ विधायक हरिश्चंद्र भोये, अभियान संयोजक बाबाजी कथोले सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे। डॉ. सावरा ने कहा कि ह्नसेवा, संगठन और समाजहित ही भाजपा की वास्तविक शक्ति है। यह अभियान न केवल पार्टी और जनता के बीच संबंधों को प्रगाढ़ करेगा, बल्कि जरूरतमंदों तक सेवा पहुँचाने का माध्यम भी बनेगा। बैठक में जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं ने मिलकर संकल्प लिया कि वे पूरे सेवा पंधरावाड़ा के दौरान जनसंपर्क, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता अभियान, योजनाओं का प्रचार-प्रसार और जरूरतमंदों तक मदद पहुँचाने जैसे विविध कार्यक्रमों का प्रभावी संचालन करेंगे।







## कुश्ती दंगल में पहलवानों ने की जोर आजमाइश



गौराबादशाहपुर, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। भुइली गोदाम बाजार में जीवितपुत्रिका के अवसर पर आयोजित कुश्ती प्रतियोगिता हुई। जिसमें जनपद के अलग अलग हिस्सों से आये पहलवानो ने अपना दम खम दिखाया। प्रतियोगिता की शुरूआत वर्तमान प्रधान कमलेश सरोज और पूर्व प्रधान विपुल सिंह हैप्पी ने पहलवानों का हाथ मिला कर करवाया प्रिंस कोनिया ने आशीष बसवत को, सूरज पहलवान कोनिया ने रोहित गड़वारेबीर को, अनुज गड़वारेबीर ने लालू बहरीपुर को, काजू नई बाजार ने मनोज रामपुर को, अमन गोबरा ने विशाल नारायणपुर को, गौतम गोबरा ने इन्दल नई बाजार को, अंशु भदेवरा ने आदित्य नई बाजार को, विष्णु चौकियां ने छोटू गोबरा को, करिया भुइली ने सचिन पिलखुवा को, रवि बसवत ने प्रदीप नई बाजार को पराजित किया। कई पहलवानो की कुश्ती बराबर में छूटी। रेफरी की भूमिका में सुभाष पहलवान दिनेश सिंह रहे। इस अवसर पर चंदन पहलवान अजय कुमार शर्मा दिनेश सिंह, विपिन सिंह, अमित सिंह टिका दिनेश सिंह डब्बू चौबे गुड्डू सिंह मोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

# वी.आई.आर. पीस अवॉर्ड्स की घोषणा

## भारत के शांति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों में योगदान का गौरव

मुंबई। विवेकानंद इंटरनेशनल रिलेशन्स (वी.आई.आर.) पीस अवॉर्ड्स 2025 चक्र विजन इंडिया फाउंडेशन के सहयोग से मुंबई में आयोजित यह समारोह विज्ञान, अध्यात्म, उद्योग और सेवा का संगम बना। स्वामी विवेकानंद के 1893 के शिकागो भाषण को स्मरण करते हुए इस कार्यक्रम में वसुधैव कुटुम्बकम दुनिया एक ही परिवार है इस दर्शन को नए सिरे से रेखांकित किया गया और स्वास्थ्य, तकनीक, संस्कृति, युवा विकास और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में दस से अधिक देशों पर सकारात्मक प्रभाव डालने वाले भारतीय एवं भारत-आधारित योगदानकताओं का सम्मान किया गया।




मुख्य अतिथिः पद्मविभूषण प्रो. मनमोहन शर्मा (मुख्य अतिथि) और लेफ्टिनेंट जनरल अरुण आनंदनारायण (पीवीएसएम, वाईएसएम, एसएम, वीएसएम), सेवानिवृत्त (मुख्य प्रस्तुतकर्ता)। विशेष अतिथिः सौ. अमृता सोमैया (ट्रस्टी, सोमैया विद्या विहार यूनिवर्सिटी) और अभिनेता जैकी श्रॉफ। पुरस्कार प्राप्त करने वाले सम्माननीय व्यक्तित्वः माता अमृतानंदमयी, बाबा कल्याणीजी, नादिर गोदरेज, श्री विक्रम श्रॉफ, अशोक जैन, मधुकर पारेख, विश्वास जैन, मनीष झावर, विशाल चोरडिया और डॉ. हुजैफा खोराकीवाला।

पिछले वर्ष के पहले संस्करण ने सांस्कृतिक कूटनीति और जनप्रेरणा का स्वर्ण मानक स्थापित किया था। उस समय सम्मानित हुए थे झ सर रतन टाटा (आजीवन योगदान), डॉ. चिंतामणि पांड्या (दूरदर्शी शिक्षाविद), आचार्य लोकेश मुनिजी (शांति दूत), मोहनजी (वैश्विक मानवतावादी), डॉ. गौरांग दास (प्रकृति संरक्षक), रवी पंडित (तकनीकी दूरदर्शी), सुंदीप वसलेकर (शासन और शांति प्रवर्तक), हेमंत ओबेरॉय (ग्लोबल फ्लेवर्स एंबेसडर), सुबाष कपूर (उद्देश्यपूर्ण उद्यमिता) और एल्सी गेब्रियल (सागर साक्षरता की प्रवर्तक)।

गगन महोत्रा (अध्यक्ष व संयोजक, वी.आई.आर. पीस अवॉर्ड्स) ने उद्घाटन भाषण में कहा कि इन पुरस्कारों का उद्देश्य उन भारतीय हस्तियों का सम्मान करना है, जिन्होंने अध्यात्म, उद्योग और सेवा क्षेत्र के माध्यम से भारत की अंतरराष्ट्रीय पहचान को मजबूत किया और सीमाओं के पार समाजों को अवसर प्रदान कर नैतिकता को उत्कृष्टता के साथ जोड़ा। इसके बाद प्रार्थना, दीप प्रज्वलन और पारंपरिक भरतनाट्यम नृत्य से समारोह की शुरुआत हुई। चयनित संवादों ने कार्यक्रम को रोचक बनाया और उसके बाद अंतरराष्ट्रीय संबंधों और सामाजिक कल्याण में योगदान देने वाले नेताओं को वी.आई.आर. पीस अवॉर्ड्स प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन सौ. सारिका पन्हालकर ने किया।

## चार वाहन आपस में टकराए, पांच लोग घायल

### प्रीतनगर में रविवार को तेज रफ्तार के कारण बड़ा हादसा होते-होते टल गया



चोपन, सोनभद्र (उत्तरशक्ति)। स्थानीय थाना क्षेत्र के प्रीतनगर में रविवार को तेज रफ्तार के कारण बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अचानक सड़क पर अनियंत्रित होकर एक 16 चक्का भारी वाहन (ट्रक) के बैक लेने से चार गाड़ियां आपस में टकरा गईं। इस टक्कर में पांच लोग मामूली रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सड़क पर अचानक ट्रक चालक द्वारा बैक लेने की कोशिश की गई, जिससे पीछे चल रही कार और दो अन्य वाहन संतुलन खो बैठे और आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते मौके पर अफरातफरी मच गई। हादसे के बाद कुछ देर तक सड़क पर यातायात भी बाधित रहा। घटना की सूचना मिलते ही चोपन थाने की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल भेजा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली कि इस बड़े हादसे में कोई गंभीर रूप से घायल नहीं हुआ और समय रहते पुलिस व लोगों की मदद से घायलों को उपचार मिल गया।

## घाटकोपर में समिति की बैठक संपन्न



मुंबई। श्रीरामलीला उत्सव समिति पार्कसाईट विक्रोली द्वारा हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य श्री रामलीला मंचन एवं श्री राम बारात, श्री रामचरित मानस महाकाव्य एवं महाभारत महाकाव्य पर आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता तथा कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। समिति की यह परंपरा लगातार सफलतापूर्वक आगे बढ़ती आ रही है और इस वर्ष यह आयोजन अपने 59वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। आगामी 22 सितंबर से 3 अक्टूबर 2025 तक होने वाले इस महोत्सव की तैयारियों को लेकर रविवार, 14 सितंबर को घाटकोपर (पश्चिम) के अमृतनगर में समिति अध्यक्ष प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। बैठक में मंचन की संपूर्ण व्यवस्थाओं के साथ-साथ श्री राम बारात, कवि सम्मेलन, दशहरा मेला और सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता जैसे विविध सांस्कृतिक आयोजनों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर समिति अध्यक्ष प्रभाकर चंद्रशेखर शुक्ल, सचिव दिवाकर मिश्र, श्रीनाथ पांडेय, रामबिलास पाठक, सर्वदेव पांडेय, अनिल सिंह, दलजीत पांडेय, बाबुलनाथ तिवारी, हरीशनाथ पांडेय, राजेश सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, भोलानाथ मिश्रा, संजय मिश्रा, विमलेश मिश्र, मनिकेश तिवारी, रत्नेश शुक्ल, बृजेश शुक्ल, अरविंद के. शुक्ल, दिनेश सिंह, एड पंकज मिश्रा, प्रमुख राहुल सी. शुक्ल, दिव्यप्रकाश तिवारी, ब्रह्मदेव दुबे, आदेश मिश्र (संगठन मंत्री एवं विशेष कार्यकारी अधिकारी, महाराष्ट्र शासन), रामतीरथ शर्मा, रमापति यादव, तपस्वीलाल चौरसिया, प्रेम तिवारी, सुमंत श्रीवास्तव, मोहन श्रीवास्तव, भैरवनाथ विश्वकर्मा, अशोक गुप्ता, नीरज शुक्ला सहित समिति के कई अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे।

## तीन पुलिसकर्मियों पर पिटाई और लूट का आरोप

वाराणसी (उत्तरशक्ति)। जनपद के राजातालाब थाना क्षेत्र के जगरदेवपुर निवासी मनीष कुमार सिंह ने मातलदेई चौकी इंचार्ज समेत तीन पुलिसकर्मियों पर पिटाई और 90 हजार रुपये लूटने का आरोप लगाया है। इस संबंध में शनिवार को उन्होंने पुलिस आयुक्त को प्रार्थना पत्र भी सौंपा। मनीष ने बताया कि गौरा निवासी एक युवक, जो पुलिस के लिए मुखबिरी करता है, से विवाद के चलते 2 सितंबर की रात करीब 10 बजे दरोगा समेत तीन पुलिसकर्मियों ने उन्हें ईंट-भट्ठे से उठाया और बुरी तरह पीटा। आरोप है कि लूटे गए रुपये से वाहन में पेट्रोल भी भरवाया गया। इसका प्रमाण पेट्रोल पंप की सीसीटीवी फुटेज में दर्ज है। पीड़ित ने बताया कि पुलिसकर्मियों ने उन्हें एनकाउंटर की धमकी भी दी। हालांकि, थानाध्यक्ष ने कहा कि इस मामले में अभी तक पीड़ित की ओर से कोई तहरीर थाने पर नहीं दी गई है।

## यादव महासभा ने 150 मेधावी छात्रों को किया सम्मानित



जौनपुर (उत्तरशक्ति )। आखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के तत्वाधान में अवध पैरामेडिकल कालेज पंचहटिया में रविवार को मेधावी छात्र सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों द्वारा श्रीकृष्ण एवं सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। सरस्वती वंदना आकांक्षा यादव एवं वर्तिका यादव ने प्रस्तुत किया तत्पश्चात मंचासीन अतिथियों को बैज, श्रीकृष्ण पट्टिका एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आए हुए अतिथियों का स्वागत कार्यकारी जिलाध्यक्ष डॉ. राजपति यादव ने किया। कार्यक्रम के संयोजक पूर्व सीएमओ डा. रामअवध यादव और डा. शकुंतला यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि महेंद्र प्रताप यादव पूर्व पीसीएस अधिकारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों को लगातार अभ्यास करने से ही सफलता मिलती है। बिना तैयारी की जीत सिर्फ किस्सो कहानियों में होती है। असल जिंदगी में जिंदगी के हर मोड़ पर चाहे बोर्ड परीक्षा हो या प्रतियोगी परीक्षा हो या कोई बड़ी जीवन की चुनौती विजय उन्हीं को मिलती है। जो लगातार अभ्यास करते हैं। यही अभ्यास डर को आत्म विश्वास में कमजोरियों को ताकत में और कोशिश कामयाबी में जीतने के लिए जरूरी है। विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी मदन सिंह यादव ने कहा कि बच्चों को किताबी ज्ञान के साथ- साथ सामाजिक ज्ञान भी होना अति आवश्यक है। बच्चों को पढ़ाई में कभी भी शॉर्टकट अपनाना नहीं चाहिए। समारोह को महासभा के युवा जिलाध्यक्ष उमा प्रसाद यादव, नीरज पहलवान, आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में हाई स्कूल के 90 और इंटरमीडिएट के 60 बच्चों को सम्मानित किया गया। ग्रामीणों को तेंदूआ से बचाने वाले अपनी वीरता एवं साहस दिखाने वाले गदा जोड़ी संगठन के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय पहलवान केराकत विधानसभा के समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष नीरज यादव एवं फिजियोथैरेपी डा. विशाल को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश संयोजक एवं जिलाध्यक्ष लालजी यादव एवं मायाकांत यादव ने संयुक्त रूप से किया।

## ग्रामसभा की जमीन पर कब्जे का आरोप, विद्यालय प्रबंधन ने किया पलटवार

जौनपुर(उत्तरशक्ति)। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सिद्दकीपुर गांव में ग्रामसभा की जमीन को लेकर बड़ा विवाद सामने आया है। गांव के ही निवासी रोशन सिंह ने आरोप लगाया है कि उनके गांव में संचालित मां दुगार्जी विद्यालय के प्रबंधक ने ग्रामसभा की जमीन पर कब्जा कर लिया है। रोशन सिंह का कहना है कि उन्होंने पहले इसकी शिकायत जिला प्रशासन से की, लेकिन कार्रवाई न होने पर हाईकोर्ट की शरण ली। कोर्ट के आदेश पर तहसीलदार द्वारा की गई जांच में आरोप सही पाए गए। इसके बाद तहसीलदार ने विद्यालय प्रशासन पर करीब एक करोड़ रुपये का जुमार्ना ठोक दिया।

रोशन का आरोप है कि मुन्ना सिंह भाजपा नेता और संघ से जुड़े है इस लिए जिला प्रशासन उनके दबाव में कार्य करता है। उन्होंने प्रबंधक को भू-माफिया तक संज्ञा दी। इस मामले में विद्यालय प्रबंधक सूर्य कुमार सिंह उर्फ मुन्ना ने सभी आरोपों को खारिज करते हुए पलटवार किया है। उनका कहना है कि मां दुगार्जी विद्यालय की स्थापना ग्रामसभा और तत्कालीन ग्राम प्रधान के अनुरोध पर की गई थी। ग्रामीणों की सहमति से यह विद्यालय वर्षों से शिक्षा का केंद्र रहा है। मुन्ना सिंह ने बताया कि जब उन्हें विवाद की जानकारी हुई तो उन्होंने अपने विद्यालय से सटी जमीन खरीद ली और उसे ग्रामसभा को वापस देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। यह कार्यवाही फिलहाल राजस्व विभाग में विचाराधीन है। विद्यालय प्रबंधक ने यह भी आरोप लगाया कि जिस जमीन को उन्होंने खरीदा है, उस पर रोशन सिंह ने कब्जा कर लिया है, और इसी कारण वे विद्यालय प्रबंधन पर झूठे आरोप लगाकर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने रोशन सिंह पर कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं। प्रबन्धक ने कहा कि यह विद्यालय समाजसेवा के लिए है। स्कूल प्रशासन ने गांव के बच्चों गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने के लिए कार्य कर रही है। किसी बच्चे की पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए किसी बच्चे की आधी फीस, किसी की पूरी फीस माफ करता है तो वहीं आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को कापी किताब तक मुहैया कराता है।

कोविड कॉल में जिला प्रशासन के अनुरोध पर दो सौ से अधिक मरीजों का इलाज और खाना पानी मुहैया कराया साथ इस स्कूल के सभी टीचरों को पूरा वेतन दिया जो इस जिले का रिकॉर्ड है। मुन्ना सिंह ने स्पष्ट किया है कि तहसीलदार द्वारा लगाए गए जुमार्ने के खिलाफ वे जल्द ही उच्च न्यायालय में अपील करेंगे। ग्रामसभा की जमीन को लेकर उपजा यह विवाद अब पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मामला शिक्षा और ग्रामसभा की संपत्ति दोनों से जुड़ा हुआ है, इसलिए प्रशासन को निष्पक्ष जांच कर उचित समाधान निकालना चाहिए।

## साईं भक्त महेश भट्ट ने बद्रीनाथ मंदिर निर्माण के लिए अब तक 18 लाख 50 हजार रुपये का दान

### 21 लाख रुपये देने का संकल्प

-राधेश्याम सिंह

पालघर (उत्तरशक्ति)। पालघर ज़िले के वसई पश्चिम में उत्तरांचल मित्र मंडल द्वारा निमार्णाधीन भगवान बद्रीनाथ मंदिर और मानव कल्याण केंद्र को समाजसेवी एवं साईं भक्त महेश भट्ट का बड़ा सहयोग मिला है। उन्होंने अब तक 18 लाख 50 हजार रुपये का दान किया है और मंदिर का कार्य पूर्ण होने से पहिले 21 लाख रुपये देने का संकल्प लिया है। उनका यह योगदान न केवल आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण है बल्कि समाज में सेवा और आस्था का अद्भुत संदेश भी देता है। कांदिवली निवासी 68 वर्षीय महेश भट्ट, जो उत्तराखंड समाज और साईं भक्ति के लिए जाने जाते हैं, पिछले 12-15 वर्षों से उत्तरांचल मित्र मंडल वसई से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। समाज में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया जाता है। उनकी सादगी, सक्रियता और समर्पण उन्हें समाज के अन्य सदस्यों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनाते हैं।



महेश भट्ट समाज के हर कार्य में तन, मन और धन से सहयोग करते रहे हैं। वे न केवल उत्तरांचल मित्र मंडल वसई बल्कि अनेक सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों तथा काफल फाउंडेशन से भी जुड़े हैं। इन माध्यमों से उन्होंने अनेक जरूरतमंदों की सहायता की है—चाहे वह चिकित्सा सहायता हो, शिक्षा में मदद हो या सामाजिक आयोजन। उनके द्वारा किए गए ये कार्य इस बात का प्रमाण हैं कि यदि इच्छा और समर्पण हो तो समाज के उत्थान के लिए हर कोई कुछ न कुछ कर सकता है।

बद्रीनाथ मंदिर और मानव कल्याण केंद्र के निर्माण कार्य को गति देने वाला महेश भट्ट का यह योगदान समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। मंदिर के साथ-साथ मानव कल्याण केंद्र भी समाज के सभी वर्गों के लिए उपयोगी साबित होगा, जहां धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियां एक ही छत के नीचे आयोजित की जा सकेंगी। इससे उत्तराखंड समाज के अलावा अन्य समाजों के लोगों को भी एक साथ आने का अवसर मिलेगा।

उत्तराखंड समाज के धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी कर महेश भट्ट सामूहिक एकता का संदेश देते हैं। उनका मानना है कि समाज सेवा ही सच्ची भक्ति है। यही कारण है कि वे हर कार्यक्रम में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी सेवाएं देते हैं। समाजसेवा के माध्यम से उन्होंने समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने और का काम किया है। उनका यह प्रयास न केवल उत्तराखंड समाज बल्कि पूरे मुंबई मीरा -भाईंदर पनवेल नवी मुंबई ,वसई-विरार क्षेत्र के लोगों को एक मंच पर लाने का काम कर रहा है। उनके जैसे व्यक्तित्व समाज में सकारात्मक सोच और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत बनाते हैं। यह जानकारी वरिष्ठ पत्रकार राधेश्याम सिंह ने दी है।

## भारतीय ब्यूटी ब्रांड नाइका हुआ ग्लोबल, ब्रिटेन में पहली शाखा

मुंबई। भारत की जानीमानी ब्यूटी और लाइफस्टाइल ब्रांड, नाइका ने देश में सौंदर्य के क्षेत्र में अद्भुत प्रसिद्धि प्राप्त की है, अब ब्रांड ने ब्रिटेन में अपनी पहली शाखा खोलते हुए ग्लोबल ब्रांड बनने की दिशा में कदम बढ़ाया है। नाइका ने अपनी इस नई शाखा की शुरूआत लंदन में की। ऐसा शायद पहली बार हुआ है जब कोई भारत में बने ब्यूटी ब्रांड ने अपनी शाखा ब्रिटेन में खोली हो। नाइका ने अपना यह विस्तार जीसीसी मार्केट में अपने निसा नाम के प्लेटफार्म से किया है। नाइका हाउस ने Kay ब्यूटी के लॉन्च का जश्न मनाया, जो भारत में स्थापित पहला सौंदर्य ब्रांड है, जिसे स्पेस एनके में लॉन्च किया जाएगा, जो नाइका और भारतीय सौंदर्य के लिए दुनिया भर में एक नए युग का प्रतीक है। हाउस आफ नाइका आज भारत का दूसरा सबसे बड़ा स्थानीय स्तर पर शोहरत पाने वाला ब्यूटी ब्रांड है जिसमें तमाम प्रसिद्ध उत्पाद जैसे नाइका कास्मेटिक्स, के.ब्यूटी, डाट एंड के, नाइका वांडेरलस्ट, नाइका परफ्यूमरी, अर्थ रिदम, और नाइका कलेक्शन शामिल हैं। कंपनी ने अपना जीएमवी 2,300 करोड़ रूपए रखते हुए (वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में) अबतक कुल 13 मिलियन ग्राहकों को अपनी सेवाएं,




देशभर में फैले अपने 38,000 डिस्ट्रिब्यूशन केंद्रों के माध्यम से दी हैं। के. ब्यूटी की शुरूआत वर्ष 2019 में की गई थी जिसकी सह-संस्थापक प्रसिद्ध एक्टर कैटरीना कैफ हैं। इसकी शुरूआत इस भावना के साथ की गई थी कि मेकअप ऐसा हो जो हर तरह से स्किन की सुरक्षा भी करे। आज के.ब्यूटी का स्थान, देश की तेजी से बढ़ रही ब्यूटी कंपनियों में है इसके कुल 1.5 मिलियन ग्राहक हैं और इसके सभी उत्पाद देश भर में 700 प्रीमियम बिक्री स्टोर हैं। जीसीसी तक अपना विस्तार निसा के पांच सर्वोच्च ब्रांडों में कराने के बाद, के. ब्यूटी की नजर अब ग्लोबल आडियंस पर है। इस नई उपलब्धि के विषय में बोलते हुए, नाइका के सह-संस्थापक और एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर अद्वैत नायर ने कहा कि हमारी यह नई शुरूआत इस बात को दशार्ता है कि हमने अपने ग्राहकों का विश्वास जीता है। यह भले ही एक छोटी शुरूआत हो, लेकिन यह इस मायने में महत्वपूर्ण है कि भारतीय ब्यूटी कंपनी एक ग्लोबल स्तर प्राप्त करने की ओर अग्रसर है। कंपनी की जड़ें भारतीय सौंदर्य विरासत से गहराई तक जुड़ी हैं साथ ही, कंपनी की हमेशा यही कोशिश रहती है कि वह ग्राहकों की जरूरतों के बारे में लगातार जानकारी लेती रहे। नाइका की यह ग्लोबल शुरूआत निश्चित तौर पर, इंडियन ब्यूटी की अच्छी से अच्छी चीजें ग्लोबल ग्राहकों को उपलब्ध कराएगी। इससे एक नए युग की शुरूआत होगी जहां विविधता, नए-नए उत्पाद, और केयर ब्यूटी के पैमाने दुनिया भर में निर्धारित होते रहते है।

## शहीद सम्मान भवन के लोकार्पण महाराजगंज की जनता का सम्मान

सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार के सीवान जिला अंतर्गत महाराजगंज प्रखंड के बंगरा गांव के शाहिद देव शरण सिंह स्मारक परिसर में रविवार को स्थानीय भाजपा सांसद जनार्दन सिंह के सौजन्य से नव निर्मित शहीद सम्मान भवन के उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। उद्घाटन सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, सवर्ण आयोग के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री डॉ महाचंद्र प्रसाद सिंह, स्वतंत्रता सेनानी मुंशी सिंह, दरौंदा विधायक कर्णजीत सिंह उर्फ व्यास सिंह, गोरेयाकोठी विधायक देवेशकांत सिंह,बीजेपी के मोहन कुमार पद्माकरपूर्व विधायक हेम नारायण साह, प्रो डॉ अभय कुमार सिंह व आयोजन समिति के अध्यक्ष ई सुगेंद्र कुमार सिंह संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि देश के सपूतों व आजादी के दीवानों की याद में निर्मित यह भवन आजादी के शहीदों को समर्पित है।



सांसद ने बताया कि शाहीद सम्मान भवन सभी सुविधाओं से अटैच है। सांसद ने कहा कि यह भवन प्रधान मंत्री नरेंद्र भाई मोदी का शहीदों के प्रति सम्मान की परिकल्पना है। पीएम अमर शहीदों के प्रति लगातार प्रयास कर रहें हैं। उनके नेतृत्व में पूरा देश शाहीदों के सम्मान में नतमस्तक है। शहीदों का सम्मान हमारी संस्कृति है। उनका सम्मान देश को आगे लेकर जाएगा। उन्होंने कहा कि शहीद सम्मान भवन एक इमारत नहीं विरासत है। समारोह की अध्यक्षता ई सुगेंद्र कुमार सिंह व संचालन भाजपा पूर्वी जिलाध्यक्ष रंजीत कुमार ने किया। मौके पर भाजपा नेता कुंतल कृष्ण, भाजपा पश्चिमी जिलाध्यक्ष राहुल तिवारी, भाजपा नगर अध्यक्ष अमरजीत सिंह, प्रो अभिमन्यु सिंह, पदमाकर, जितेंद्र सिंह, प्रखंड प्रमुख कगढ़ग देवी, सुप्रिया कुमारी, छपरा जिला परिषद उपाध्यक्ष प्रियंका सिंह, अजय कुमार, संजय सिंह राजपूत, डॉ मृत्युंजय राज सिकु श्रीवास्तव, राहुल सिंह व बीजेपी सीवान जिला पूर्वी के प्रवक्ता दिलीप कुमार सिंह उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्यमंत्री के गृह प्रखंड में स्वास्थ्य उपकेंद्र के प्रांगण में जंगल, आराम फरमाते हैं सांप-बिच्छू




सिवान (उत्तरशक्ति)। बिहार के सिवान जिला अंतर्गत सीवान बिहार के स्वास्थ्यमंत्री एक तरफ स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने के लिए अस्पताल भवनों के निर्माण में लगे हैं। तो वही दूसरी तरफ उद्घाटन के बाद अधिकतर स्वास्थ्य उपकेंद्रों में तला लटका हुआ है, तो कई जगह अधिकांश में जंगल उपजे हैं, कुछ अस्पताल में सप्ताह में एक दो रोज संयोग से ताला खोल देते हैं , बच्चों का टीका आंगनबाड़ी केंद्रों पर सप्ताह में एक दिन ए एन एम लगाने चली जाती है। पोखरा गांव के सामाजिक कार्यकर्ता सह बीजेपी के जिला प्रवक्ता दिलीप कुमार सिंह ,का कहना था कि बलिया में स्वास्थ्य मंत्री के गांव में अतिरिक्त स्वास्थ्य उप केंद्र है। वहां से पोखरा स्वास्थ्य उपकेंद्र को दूरी मात्र दो किलोमीटर एस एच पर पोखरा गांव के नजदीक है। डेढ़ किलोमीटर अफराद एनएच 227 ए है। ट्रामा सेंटर खोलने की बात कही गई, लेकिन बात को अनसुना किया जाता रहा। पोखरा स्वास्थ्य उपकेंद्र पर लोगों को सेवा नहीं मिलने से प्रांगण में जंगल उपजा है . ग्रामीण अशोक सिंह, सरपंच राजकुमार सिंह, आदि दर्जनों लोगों ने स्वास्थ्य विभाग के निष्क्रियता पर खेद प्रकट किया। वही कसदेवारा बंगरा का स्वास्थ्य उपकेंद्र स्वास्थ्य मंत्री के गांव से लगभग तीन किलोमीटर की दूरी परहै। उसका भी हाल खस्ता है. उसके प्रांगण में लौकी का पौधा लगाया गया है जो पुराने स्वास्थ्य उपकेंद्र के दीवाल के सहारे छत पर चढ़ाया गया है। पोखरा और कसदेवरा दोनों स्वास्थ्य उपकेंद्र बुडको एजेंसी द्वारा कराया गया था। कसदेवारा पंचायत के मुखिया पति रामु यादव का कहना था हम कभी उसे खुलते हुए नहीं देखा है। बच्चों को खसरा का टीका वगैरह आंगनबाड़ी पर लग जाता है।

बोले स्वास्थ्य प्रबंधकः दोनों स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर सप्ताह में दो रोज सी एच ओ एएनएम के साथ जाती हैं, अगर सेंटर पर नहीं पहुंचती है तो उसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी। एम अलम , स्वास्थ्य प्रबंधक , पी एच सी , महाराजगंज।

## चौबेपुर फायरिंग कांड: हिस्ट्रीशीटर पर हमले के बाद पुलिस की सख्ती,चौकी इंचार्ज निलंबित

वाराणसी(उत्तरशक्ति) । जनपद के चौबेपुर के बभनपुरा गांव में जन्माष्टमी के अवसर पर हुई फायरिंग की घटना ने स्थानीय पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस मामले में लापरवाही बरतने के चलते चंदापुर चौकी इंचार्ज अंकुर कुशवाहा को डीसीपी वरुणा प्रमोद कुमार ने शनिवार को निलंबित कर दिया। साथ ही, मामले की गहन विभागीय जांच के आदेश दिए गए हैं। डीसीपी ने बताया कि हिस्ट्रीशीटर गौरव सिंह मोनू के पिता द्वारा दर्ज शिकायत को चौकी इंचार्ज ने गंभीरता से नहीं लिया जिससे हमलावरों का मनोबल बढ़ा। बताया जाता है कि गौरव सिंह मोनू और उसके विरोधी गुट के अंकित सिंह,नीरज व अन्य के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही थी।जन्माष्टमी की रात यह विवाद हिंसक रूप ले लिया, जब अंकित और उसके साथियों ने गौरव पर गाली-गलौज के बाद गोली चलाई।गोली गौरव के पास से निकल गई,जिससे वह बाल-बाल बच गया। इसके बाद गौरव ने जवाबी कार्रवाई की योजना बनाई,लेकिन हमलावरों ने फिर से उस पर हमला कर दिया। इस घटना ने इलाके में दहशत फैला दी। पुलिस प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एसओजी,स्थानीय पुलिस और सर्विलांस सेल की तीन टीमें तैनात की हैं। डीसीपी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी आरोपी सलाखों के पीछे होंगे और पुलिस की लापरवाही को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह घटना न केवल पुलिस की जवाबदेही पर सवाल उठाती है,बल्कि स्थानीय समुदाय में असुरक्षा की भावना को भी उजागर करती है।अब सभी की निगाहें पुलिस की कार्रवाई और आरोपियों की गिरफ्तारी पर टिकी हैं।

### जीवित्पुत्रिका का त्यौहार बडे ही धूमधाम के साथ हुआ संपन्न

आजमगढ़ । आजमगढ़ जनपद के सरायमीर थाना अंतर्गत नरईपुर आदि गांव में माता द्वारा बच्चों की लंबी उम्र के लिए जीवित्पुत्रिका का त्योहार बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। माताएं एक दिन पहले से ही इसकी सारी तैयारियां पूरी करने में लगी थी। चली आ रही परंपराओं के अनुसार ऐसी मान्यता है कि जिन मां बहनों के पास बच्चे नहीं है वह लोग जीवित्पुत्रिका माता से मिन्नतें और कामना करती हैं तो उनकी कामना जीवित्पुत्रिका माता द्वारा जरूर पूर्ण होती है।